मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 198
सोमवार, 03 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

भारत-इंडोनेशिया के संबंध साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारितः पीएम मोदी

नयी दिल्ली, 02 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध सिर्फ भू-राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि ये हजारों साल की साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित हैं तथा दोनों देशों की अनेकता में एकता की परंपरा है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इंडोनेशिया के जकार्ता में श्री सनातन धर्म आलयम के महा कुंभ-अभिषेकम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

मोदी ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं जकार्ता में मुरुगन मंदिर के महा कुंभ-अभिषेक का हिस्सा बना हूं। मैं भले ही जकार्ता से सैकड़ों किलोमीटर दूर हूं, लेकिन मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है, जितना भारत-इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते...मैं महा कुंभ-अभिषेक के अवसर पर वहां के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।

मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत से 140 करोड़ भारतीयों का प्यार लेकर गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है, उनके (प्रबोवो) जरिए आप सब हर भारतीय की शुभकामनाओं को वहां अनुभव कर रहे होंगे।

मोदी ने कहा, मैं आप सभी को और भारत-इंडोनेशिया समेत दुनिया भर में भगवान मुरुगन के

करोड़ों भक्तों को जकार्ता मंदिर के महा कुंभ-अभिषेकम की बधाई देता हूं। मेरी कामना है तिरुप्पुगल के भजनों के माध्यम से भगवान मुरुगन का यशगान होता रहे। स्कंद षष्ठी कवचम के मंत्र सभी लोगों की रक्षा करें। उन्होंने कहा, भारत और इंडोनेशिया के लोगों के लिए, हमारे रिश्ते सिर्फ भू-राजनैतिक नहीं हैं। हम हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से जुड़े हैं। हम हजारों वर्ष पुराने इतिहास से जुड़े हैं। हमारा संबंध विरासत का है, विज्ञान का है, विश्वास का है। हमारा संबंध साझी आस्था का है, आध्यात्म का है। हमारा संबंध भगवान मुरुगन और भगवान श्रीराम का भी है। और, हमारा संबंध भगवान बुद्ध का भी है।

उन्होंने कहा, भारत से इंडोनेशिया जाने वाला कोई व्यक्ति जब प्रम्बानन मंदिर में हाथ जोड़ता है, तो उसे काशी और केदार जैसी ही आध्यात्मिक अनुभूति होती है।

जब भारत के लोग काकाविन और सेरात रामायण के बारे में सुनते हैं तो उनमें वाल्मीकि रामायण, कम्ब रामायण और रामचरित मानस जैसी ही भावना जगती है। अब तो भारत में अयोध्या में इंडोनेशिया की रामलीला का मंचन होता रहता है।

राहुल गांधी ने योगी सरकार पर साधा निशाना

अयोध्या, 02 फरवरी। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुई 22 वर्षीय दलित महिला की क्रूर हत्या अब राजनीति का मुद्दा बन गयी है। अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बाद अब राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लेकर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उनको अपने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने योगी सरकार को खूब सुनाई है।

अपने 'एक्स' पर किए पोस्ट में, राहुल गांधी ने लिखा, 'अयोध्या में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है। तीन दिनों से गूंजती बच्ची के परिवार के मदद की पुकार पर अगर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन की रक्षा हो सकती थी। एक और बेटी के जीवन का इस घिनौने

अपराध से अंत हो गया। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह रोना-तड़पना पड़ेगा?'

राहुल ने आगे लिखा, 'बहुजन विरोधी भाजपा राज खास कर उत्तर प्रदेश में दलितों पर घृणित अत्याचार, अन्याय और हत्या बेलगाम बढ़ता जा रहा है।'

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से इस अपराध की जांच करने की मांग की। उन्होंने लिखा, 'उत्तर प्रदेश सरकार इस अपराध की तुरंत जांच कर, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के साथ ज़िम्मेदार पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करे। और कृपया कर पीड़ित परिवार को हमेशा की तरह प्रताड़ित न करें। देश की बेटियां और पूरा दलित समाज न्याय के लिए आपकी ओर देख रहा है।

केजरीवाल ने वादे पूरे करने के बजाय बहाने बनाये : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, 02 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपने वादे पूरे करने के बजाय बहाने बनाने का शनिवार को आरोप लगाया। ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में कमल खिलेगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मुस्तफाबाद और ओखला में चुनावी रैलियों को संबोधित करते आरोप लगाया कि केजरीवाल ने पिछले 11 वर्षों में लोगों को गुमराह करने के अलावा कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि जनता उन्हें पद से हटाने और भाजपा सरकार बनानेके लिए तैयार है। ठाकुर ने कहा, 11 साल तक केजरीवाल ने सिर्फ झूठे वादे किए। उन्होंने

कहा, उन्होंने (केजरीवाल) ने दावा किया था कि वह दिल्ली की हवा को साफ कर देंगे, लेकिन प्रदूषण और भी बदतर हो गया है। उन्होंने यमुना को साफ करने और उसमें डुबकी लगाने की कसम खाई थी, फिर भी नदी बहुत ज्यादा प्रदूषित बनी हुई है। उन्होंने स्वच्छ पेयजल का वादा किया था, लेकिन लोग अब भी दूषित पानी की आपूर्ति से जूझ रहे हैं। उन्होंने अच्छी सड़कों का वादा किया था, लेकिन आप के शासन में दिल्ली की सड़कें बदहाल हो गई हैं। ठाकुर ने आरोप लगाया कि केजरीवाल द्वारा सीवेज प्रणाली में सुधार करने के वादे के बावजूद राजधानी में गंदगी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा, दिल्ली के लोगों ने मन बना लिया है...आप नामक यह आपदा हटेगी और कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलेगा। भाजपा नेता ने केजरीवाल पर दलित विरोधी होने का भी आरोप लगाया।

सिद्धरमैया के राजनीतिक सलाहकार बी.आर. पाटिल ने दिया इस्तीफा

कर्नाटक। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सलाहकार बी.आर. पाटिल ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। कलबुर्गी जिले के आलंद निर्वाचन क्षेत्र से विधायक पाटिल को 29 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री का राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। उन्होंने बेंगलुरु स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में आज अपना इस्तीफा सौंपा। हाल ही में पाटिल ने किसानों को कानून के जरिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने के समर्थन में बेंगलुरु स्थित ह्यविधान सौधह्ल परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया था। उन्होंने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यह प्रदर्शन किया था।

भगदड़ पर भारी है श्रद्धालुओं का जोश, आज 5 करोड़ लगायेंगे डूबकी

- 6 चरणों में लागू होगी विशेष योजना, नए अधिकारियों को भी मिली जिम्मेदारी
- बैरियर और बैरिकेडिंग सुदृढ़ करने को प्राथमिकता
- संवेदनशील स्थानों पर होगी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

सुरेश गांधी

महाकुम्भनगर। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान को लेकर श्रद्धालुओं के जोश और उत्साह में भी कोई कमी नहीं है। 01 फरवरी से ही करोंड़ों की संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ में पवित्र स्नान करने प्रयागराज आ रहे हैं। बसंत पंचमी के पर्व पर 5 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र संगम में स्नान करने का अनुमान है। भीड़ प्रबंधन के लिए प्रशासन योजनाबद्ध तरीक से पूरी मुस्तैदी से मेला क्षेत्र में कार्यरत है। जगह-जगह रूट डायवर्जन और बैरीकेडिंग का प्रयोग किया जा रहा है। आने और जाने के एकल मार्ग की योजना से श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचाया जा रहा है। स्नान कर स्टेशन और बस अड्डों की ओर लौटने के लिए अलग मार्गों का प्रयोग किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में वाहन प्रवेश पर्व के दिन पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया है। आकस्मिक आपदा या भगदड़ की स्थिति से निपटने के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था को चाक चौबंद रखा गया है। ताकि जरूरत पड़ने पर एनडीआरफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन की गाड़ियां और एम्बुलेंस तत्काल घटना

स्थल तक पहुंच सकें।

अमृत स्नान को लेकर प्रशासन मेला क्षेत्र में आवागमन और भीड़ को एक जगह जमा होने से रोकने के लिए विशेष योजना बनाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इसमें नए अधिकारियों की जिम्मेदारी और नए सिरे से पुलिस बल का डिप्लॉयमेंट भी शामिल है। इसके लिए पुलिस के डेप्लायमेन्ट प्लान में सुदृढ़ीकरण के लिए 6 चरणों की विशेष योजना तैयार की है। इसके अंतर्गत सबसे पहले वर्तमान में मौजूद सीएपीएफ एवं पीएसी कम्पनियों का रि-डेप्लायमेन्ट किया जायेगा। साथ ही अतिरिक्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण की तैनाती की जाएगी। मेला क्षेत्र में बैरियर एवं बैरिकेडिंग का सुदृढ़ीकरण भी किया जायेगा। मेला क्षेत्र में लगे साइनेजेज को पर्याप्त ऊंचाई एवं दृश्य स्थानों पर लगवाया गया है। आई ट्रिपल सी की तरफ से द्वारा एलर्ट मैसेज की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। इसके साथ ही सबसे महत्वपूर्ण कार्य संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल की तैनाती का किया गया है।

इस नई योजना के अंतर्गत अखाड़ा क्षेत्र में सीएपीएफ की 07 कंपनियों को हटाकर आवश्यक नए क्षेत्रों में लगाया जाएगा। इसमें 03 कंपनी को दक्षिणी झूंसी क्षेत्र, 02 कंपनी उत्तरी झूंसी क्षेत्र में, 02 प्लाटून शास्त्री पुल में और एक एक प्लाटून काली रैम्प से अपर संगम मार्ग क्षेत्र में एवं काली अपर संगम मार्ग से संगम क्षेत्र में लगाई जाएगी।

स्नान घाट का संगम क्षेत्र सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां स्नान घाट सकुर्लेटिंग एरिया संगम से एक कंपनी दो प्लाटून महिला सीआर पीएफ का रिडेप्लॉयमेंट होगा। इस नवीन ड्यूटी में एक प्लाटून गंगा मूर्ति तिराहे पर, एक प्लाटून जीटी जवाहर पर और एक कंपनी अखाड़ा मार्ग पर ड्यूटी शामिल है। संगम क्षेत्र में अतिरिक्त सीएपीएफ की तैनाती की गई है। इसके अंतर्गत संगम क्षेत्र को 06 कम्पनी सीएपएफ अतिरिक्त दी गयी है। इसमें 03-03 कम्पनियों की दो शिफ्टों में ड्यूटी संगम घाट मे लगायी जायेगी।

बसंत पंचमी के स्नान पर्व पर पुराने अनुभवी गज टेड पुलिस अधिकारियों को भी ड्यूटी पर लगाया जायेगा। इसमें पुलिस अधीक्षक स्तर के चार अधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के तीन अधिकारियों को भी ड्यूटी में लगाया जाएगा। इस तरह नवीन पुलिस अधिकारियों की ऊर्जा और पुराने पुलिस अधिकारियों के अनुभव दोनो को उपयोग किया जायेगा।

मेला क्षेत्र के 12 बैरियर एवं बैरिकेडिंग का विशेष सुदृढ़ीकरण किया गया है। इसके अंतर्गत काली मार्ग पर पड़ने वाले सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, त्रिवेणी मार्ग पर पड़ने वाले सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, नागवासुकी रैम्प के सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, गंगा मूर्ति तिराहे की सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, जी.टी. जवाहर चौराहे की सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, फोर्ट चौराहे की सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, अखाड़ा प्रवेश एवं वापसी मार्ग के सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, समस्त पाण्टून पुल के सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, ओल्ड जीटी मार्ग के सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, लोवर संगम मार्ग के सभी बैरियर व बैरिकेडिंग, मुक्ति मार्ग के सभी बैरियर व बैरिकेडिंग और दक्षिण झुंसी, उत्तरी झूसी व अखाड़ा क्षेत्र के समस्त गाटा मार्गों के सभी बैरियर व बैरिकेडिंग शामिल हैं।

प्रशासन की तरफ से 11 संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है। यहां पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इन स्थानों में टीकरमाफी, गंगामूर्ति चौराहा, नागवासुकी रैम्प, काली रैम्प, अपर संगम मार्ग, जी.टी. जवाहर चौराहा, झूसी से परेड आने वाले समस्त पीपा पुल, झुंसी क्षेत्र में जगदीश मार्ग, महावीर मार्ग, अक्षयवट मार्ग, त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग, छतनाग मार्ग, अखाड़ा वापसी मार्ग से सटा हुआ गंगा प्रसार क्षेत्र,ओल्ड जीटी घाट से सम्पूर्ण ओल्ड जीटी मार्ग क्षेत्र शामिल है।

दिल्ली में गुंडागर्दी मचा रही है बीजेपी, अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली, 02 फरवरी। आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। उन्होंने इस संबंध में चुनाव आयोग को पत्र लिखा। अपने पत्र में केजरीवाल ने चुनाव आयोग से उनके नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। केजरीवाल ने पत्र में लिखा है कि विधानसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा कार्यकर्ता उनकी पार्टी के कार्यकताओं पर हमला कर रहे हैं और दिल्ली पुलिस कुछ नहीं कर रही है।

आयोग को लिखे पत्र में केजरीवाल ने ऐसे मामलों में कथित रूप से शामिल भाजपा कार्यकताओं की गिरफ्तारी और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने की भी मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्र में नई दिल्ली सीट पर आप कार्यकताओं पर कथित हमले की घटनाओं का हवाला दिया है।शनिवार को रोहिणी इलाके में एक जनसभा के दौरान आप विधायक मोहिंदर गोयल पर कथित तौर पर हमला किया गया।

यह घटना उस समय हुई जब रिठाला विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार गोयल सेक्टर 11 के 'पॉकेट एच' के स्थानीय निवासियों से बातचीत कर रहे थे। केजरीवाल के दावों पर भाजपा और दिल्ली पुलिस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। नयी दिल्ली सीट पर केजरीवाल का मुकाबला भाजपा के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित से है।

मानव जनित वैश्विक त्रासदी है भगदड़

-तनवीर जाफरी

गत 28 जनवरी की देर रात 1:30 बजे के करीब संगम तट पर भगदड़ की घटनायें हुईं। इस दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ को लेकर कई अलग अलग दावे किये जा रहे हैं। स्वयं को प्रत्यक्षदर्शी बताने वाले कुछ लोगों का दावा है कि उस रात एक नहीं बल्कि 3 स्थानों पर भगदड़ हुईं। इनमें दो जगहें संगम मेला क्षेत्र में थीं और एक भगदड़ जी टी रोड पर भी हुई बताई जा रही है। इसी तरह मृतकों के आंकड़ों को लेकर भी अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। सैकड़ों लोग अपने बिछड़े परिजनों को तलाश रहे हैं। हजारों लोगों के जुते चप्पल व अन्य सामान लावारिस पड़े दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जिनकी फोटो योग गुरु रामदेव के साथ भगदड़ से दो दिन पहले ही नृत्यासन जैसी मुद्रा में वायरल हो रही थी, भगदड़ के बाद भी कई वेबसाईट व अखबारों ने उसी फोटो को प्रकाशित किया गया है। दरअसल उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को इस भगदड़ को लेकर इसलिये भी आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है क्योंकि सरकार इस पूरे महाकुंभ आयोजन को अपनी सरकार की सफलता के रूप में काफी बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रही थी। जाहिर है जो सरकार अपनी सफलता के लिये अपनी पीठ स्वयं थपथपाने में माहिर हो कम से कम उसकी कमियों को उजागर करने का काम ईमानदार मीडिया व आलोचकों को तो करना ही चाहिये ? भगदड़ न तो कुंभ मेले में पहली बार हुई है न ही केवल कुंभ में ही भगदड़ होती है। और ऐसा भी नहीं है कि केवल भारत में ही भगदड़ होती हो। सऊदी अरब के मक्का में 1990 में हज यात्रा के दौरान एक बड़ी भगदड़ मचने से लगभग 1,400 लोगों की मौत हो गई थी। यह हादसा तब हुआ जब एक तंग मार्ग पर भीड़ जमा हो गई थी और लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे थे। इसी तरह सऊदी अरब में ही 2006 में हज के दौरान बड़ी भगदड़ में लगभग 360 हज यात्रियों की मौत हो गई थी। इसी तरह 2015 के हज में हुई बड़ी भगदड़ हज यात्रा के दौरान का अब तक का सबसे बड़ा हादसा था जिसमें लगभग 2,300 लोगों की जान चली गई थी। यह हादसा भीड़ की असंतुलित स्थिति के कारण हुआ था, जब हज यात्रियों का एक समूह शैतान पर पत्थर फेंकने के लिए इकट्ठा हो रहा था। इसी तरह कुंभ मेलों के दौरान भी भगदड़ मचने के पूर्व में इससे भी बड़े व भयानक हादसे हुए हैं। कई देशों में फुटबाल मैच या अन्य खेल अथवा मनोरंजक आयोजनों के दौरान भगदड़ मचने की घटनायें हो चुकी हैं। दरअसल भीड़ को कम कर या उसे विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित कर ऐसे हादसों को टाला जा सकता है। परन्तु सरकार तो स्वयं भीड़ के आंकड़ों को बढ़ा चढ़ाकर पेश करती है। ऐसे में जो श्रद्धालु रोजाना करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम तट पर पहुँचने की खबर घर बैठे सुनता रहता है और मीडिया के माध्यम से वहां उपलब्ध 'सुविधाओं ' के सब्ज बाग देखता रहता है वह जरूर सोचता होगा कि कहीं वही इस पावन अवसर पर पुण्य कमाने से महरूम न रह जाये। और यह सोचकर आम भक्तजन तरह तरह की दुःख तकलीफ उठाते हुये भी चल पड़ते हैं। परन्तु जब वह ऐसे विशाल आयोजनों में पहुँचते हैं फिर उन्हें पता चलता है कि गोदी मीडिया द्वारा टी वी पर किया जाने वाला प्रचार या विज्ञापनों से पटे पड़े अखबार केवल सरकार द्वारा प्रचारित उजले पक्ष को ही रखते हैं। और इसतरह का हादसा हो जाने के बाद केवल लाशों की संख्या छुपाने या कम बताने की बात तो पूर्व में भी होती ही रही है। परन्तु यह पहली बार सुनने में आ रहा है कि इस बार तो सरकार पूरी भगदड़ पर ही पर्दा डालने की कोशिश कर रहे है। अन्यथा क्या कारण है कि अलग अलग सूत्रों से प्राप्त होने वाली तीन अलग अलग भगदड़ की खबरों के बीच सरकार अभी तक यह क्यों नहीं बता पाई कि 28 जनवरी को प्रयागराज कुंभ में भगदड़ के हादसों की वास्तविक संख्या क्या थी। भगदड़ के अतिरिक्त आगजनी की भी कई घटनायें इसी मेला क्षेत्र में हो चुकी हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला बजट

अशोक भाटिया

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में आठवां बजट पूरा किया, जिसमें भाजपा का अपना आठवां और 11वां बजट पेश किया गया। एक बहुत ही अनोखा चक्र पूरा हुआ। इसकी शुरूआत मध्यम वर्ग के समर्थन से हुई, जिसकी उच्च उम्मीदें और उम्मीदें थीं जिन्हें 2014 के चुनावों में महत्वाकांक्षी कहा जा सकता था। स्वर्गीय अरुण जेटली का यह कथन कि ₹मध्यम वर्ग अपनी देखभाल करने में सक्षम है₹ इस उपेक्षा का प्रतीक बन गया। इस बीच महंगाई बढ़ी है, कोरोना महामारी की वजह से नौकरियां गई हैं, सैलरी गिरी है, कर्ज बढ़े हैं। बढ़ती बेरोजगारी की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान इस वर्ग को हुआ है। कभी खुशनुमा माल कहा जाने वाला यह वर्ग मुश्किल में रहा है, लेकिन फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस वर्ग के प्रति आकर्षण बना हुआ है। वह देशभक्ति, राष्ट्रवाद, विश्वगुरु आदि के मुद्दे पर मोदी और भाजपा के साथ रहे, इस सही मतदाता को लगातार मान लिया गया। उस धारणा के आसपास गरीब कल्याण, अन्नदाता सुखी भव, सबका साथ-सबका विश्वास आदि नारे सजाए गए थे।ज्ञान को गरीबों, युवाओं, भोजन करने वालों और महिलाओं के कल्याण के रूप में बनाया गया था।हालांकि, पिछले जून में लोकसभा परिणामों ने भाजपा को हकदार वर्ग के पीछे भागने की मूर्खता का एहसास कराया होगा, महिलाएं और गरीब रेवाड़ी संस्कृति के बारे में भूल गए थे। बेरोजगारी के मुद्दे पर युवा गुस्से में थे। अन्नदाता एमएसपी की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए थे। एक बार फिर, मध्यम वर्ग ने मोदी को बचाया। अकेले भाजपा को बहुमत नहीं मिला, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में बिहार और आंध्र प्रदेश के दोस्तों की मदद से तीसरी बार सत्ता में आई। यह परिणाम बजट में परिलक्षित हुआ है। सरकार ने इस वर्ग को नियंत्रण में रखने की कोशिश की है।

आठ साल पहले जेटली का उद्धरण, निर्मला सीतारमण का बयान कि 'देश अगले 22 वर्षों में स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, मध्यम वर्ग तब एक विकसित भारत का वास्तुकार होगा', उन व्यक्तिगत करदाताओं के लिए प्रशंसा से भरा है जिन्होंने कॉर्पोरेट टैक्स के संग्रह को पीछे छोड़ दिया। उन्हें आशाओं, आकांक्षाओं और आक्रोश के बारे में पता होना चाहिए। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि लक्ष्मी खुश होगी, जो निर्मला सीतारमण ने बजट में किया था। अब कई वर्षों के बाद व्यक्तिगत आयकर लगाने के चरणों को संशोधित किया गया है। बजट हेडलाइन प्रबंधनः 12 लाख रुपये तक की आय पर कर छूट की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। कई लोगों के लिए, 12 लाख रुपये तक की आय अब कर-मुक्त नहीं है। हालांकि, वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है। यदि आप कर छूट के लिए पात्र हैं, तो उस पात्रता को दिखाएं और फिर इस तक की आय पर कर का भुगतान न करें। वित्त मंत्री ने इसके भीतर आय और कर की राशि का विवरण क्यों दिया? समझा जाएगा कि यह सवाल क्यों नहीं उठाया गया, जिस पर टैक्स एडवाइजर की ओर से विस्तार से टिप्पणी की जाएगी और बजट दस्तावेज जारी होने का इंतजार करना होगा। 12 लाख रुपये तक की कर छूट की घोषणा और फिर भी 4 लाख रुपये से 8 लाख रुपये के बीच की आय पर 5 प्रतिशत, 8-12 लाख रुपये पर 10 प्रतिशत, आदि को इस कहावत के साथ जोड़ा जा सकता है कि 'असली दानव विवरण में है'। और हमने अब तक कई बार देखा है कि कैसे चुनाव नजदीक होने पर महज घोषणा को अच्छा शोर बनाया जा सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव सिर्फ चार दिन दूर हैं, 12 लाख रुपये तक की आय की घोषणा आवश्यक प्रभाव के लिए पर्याप्त है। इस बजट में ऐसा कुछ भी न करें जिससे दिल्ली के मतदाताओं पर असर पड़े। चुनाव आयोग ने केंद्र को 'चेतावनी' दी थी। आयोग का 'डर' यह था कि इससे राजधानी के मतदाताओं पर असर पड़ेगा, जो सबसे बड़ी नौकरशाही का घर है। इससे पहले, चुनावों की घोषणा के बाद, सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग की नियुक्ति की घोषणा की और अब यह। विरोधाभासी रूप से, इस वेतन आयोग के बाद, सरकारी कार्यालय के सबसे कम कर्मचारी का वार्षिक वेतन 12 लाख रुपये हो जाएगा और आज घोषित रियायत बेकार होगी। लेकिन जब तक इस पर ध्यान दिया जाएगा, चुनाव खत्म हो चुके होंगे और कोई अन्य चुनाव नहीं होगा। यह शुरू हो गया होगा। उस समय के चुनाव पर ध्यान दें!

उदाहरण के लिए, जुलाई 2024 में पेश किया गया बजट आंध्र प्रदेश पर केंद्रित था। उस समय, केंद्र में भाजपा सरकार को हाल के चुनावों में आंध्र के चंद्रबाबू नायडू का भारी समर्थन मिला था और उनकी सरकार उस राज्य में सत्ता में आई थी। तो वह बजट आंध्र पर केंद्र की बारिश बन गया। अब बिहार की बारी है। इसलिए आज के बजट में, निर्मलाबाई ने उदार होकर उस राज्य के लिए कम से कम आधा दर्जन विभिन्न योजनाओं की घोषणा की। एक नया निगम, एक नया हवाई अड्डा, इसका विस्तार, आईआईटी-पटना को भी बहुत समर्थन दिया जाएगा और उस राज्य में एक स्वतंत्र खाद्य प्रसंस्करण अनुसंधान संस्थान भी स्थापित किया जाएगा। हालांकि, बिहार जैसे सबसे पिछड़े राज्य को कम से कम सुविधाओं की जरूरत है। देश के सबसे गरीब जिले बिहार में हैं। उनके लिए 'हवाई अड्डे के विस्तार' की घोषणा कितनी आशाजनक है। कहने की जरूरत नहीं है। लेकिन बिहार के ये बजटीय उल्लेख उस राज्य में चुनावों में वोट हासिल करने के लिए पर्याप्त होंगे क्योंकि दुनिया, कम से कम भारत, नारों पर चल रही है। अब बात करते हैं बिहार और चुनाव उन्मुख दिल्ली को छोड़कर बाकी बजट की।

इसके दो प्रावधानों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया है। दोनों निजी निवेश के बारे में हैं और उनमें से एक निजी विदेशी निवेश को संदर्भित करता है। अब हमारे पास बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश होगा और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी उद्यमियों के लिए खोला जाएगा। ये दोनों चीजें लंबे समय से लंबित थीं। हमें बीमा क्षेत्र की बहुत आवश्यकता है कि यह निजी क्षेत्र को पूरा नहीं कर पाएगा। हालांकि, राष्ट्रवाद, राष्ट्रवाद, हम देशभक्ति आदि जैसे तुच्छ कारणों से विदेशियों के लिए बाजार खोलना पसंद नहीं करते थे। अगर कांग्रेस सत्ता में होती, तो भाजपा यह बुलबुला पैदा करती और अगर भाजपा सत्ता में जाती तो कांग्रेस इसका विरोध करती। हालांकि, यह कहा जा सकता है कि विद्यामन सरकार ने समस्या को स्थायी रूप से तोड़ दिया था। परमाणु ऊर्जा के मामले में भी यही स्थिति थी। देश की ऊर्जा जरूरतों के विशाल दायरे को देखते हुए, परमाणु ऊर्जा में अधिक से अधिक निवेश आवश्यक है। एलएंडटी, टाटा आदि निजी कंपनियां अभी भी परमाणु रिएक्टरों के क्षेत्र में हैं, लेकिन उनके पास स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा उत्पादन का अधिकार नहीं है, जो अब उन्हें मिलेगा। हालांकि, इस घटना का स्वागत करते हुए, यह निर्णय उद्योगों के एक विशेष समूह को ध्यान में रखते हुए नहीं लिया गया है जो हाल ही में सभी ऊर्जा क्षेत्रों में तेजी से विस्तार कर रहा है। मैं मदद नहीं कर सकता लेकिन संदेह करता हूं। नीति-निर्माण और बारीकियों के हितों को ध्यान में रखना हमारे लिए नया नहीं है। यह ऊर्जा क्षेत्र में विशेष रूप से सच है। कुछ कंपनियों का सबसे हालिया उदाहरण सौर ऊर्जा क्षेत्र में गहराई से जा रहा है और फिर सरकारी नीतियां तैयार कर रहा है, परमाणु ऊर्जा नीति पर टिप्पणी करते हुए छोटे और मध्यम आकार के परमाणु रिएक्टरों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जैतापुर में परियोजना की शुरूआत से ही मीडिया लगातार इस मुद्दे को उठाता रहा है। 'परमाणु हथियार नहीं चाहते, परमाणु हथियार नहीं चाहते' मीडिया ने दोहराया कि कैसे एक विशाल परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने की तुलना में छोटे/मध्यम रिएक्टर बनाना बेहतर है। अब ऐसा लगता है कि इसे अंततः एक नीति के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। इसमें आपका स्वागत है। सब कुछ भव्य नहीं है, बहुत फायदेमंद है।

यह अच्छी बात है कि बजट में बाकी कृषि, लघु/मध्यम उद्यमों और व्यापार करने में आसानी पर भी ध्यान दिया गया है। कृषि के लिए, देश के 100 अत्यधिक अनुत्पादक जिलों का चयन किया जाएगा और वहां विशेष योजनाएं लागू की जाएंगी। खाद्य तेल और दालों के लिए भी कुछ योजनाएं होंगी। इस सरकार ने खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनने के लिए कुछ साल पहले इसी तरह की योजना शुरू की थी। बेहतर होता कि इसकी सफलता को छोटे/मध्यम स्तर के किसानों के लिए प्रस्तुत किया गया होता। यह आसान होगा और अब से आकार में भी बढ़ेगा। महिलाओं के लिए योजना 'प्यारी बहनों' की याद दिलाती है। इन सबके साथ, वित्त मंत्री ने कहा कि 'व्यापार करने में आसानी' बढ़ाने के लिए कई कानूनों में संशोधन किया जाएगा और कुछ कानूनों को निरस्त भी किया जाएगा। यह आवश्यक था। ऐसे कानूनों को खोजने के लिए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की जाएगी और एक वर्ष की अवधि होगी। इस समिति की क्या आवश्यकता है? वास्तव में, सरकार के पास विशेषज्ञ रिपोर्ट होगी कि कितने और कौन से कानून पुराने हैं। धूल साफ करने और उनका पालन करने के लिए नई समिति की भी आवश्यकता नहीं होगी। यदि समय और खर्च किया जाता है, तो प्रस्ताव में शेष भारतीय भाषा पुस्तक प्रकाशन आदि का उल्लेख किया गया है, जो 'गोमूत्र का उपयोग' जैसी पुस्तकों से परे जाना चाहिए।

एक साल पहले घोषित नई कर व्यवस्था अधिकांश के लिए विश्वसनीय नहीं लगती थी। अब नया ढांचा उस नई व्यवस्था से जुड़ने और सभी कामकाजी करदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। अगर आपको 12 लाख रुपये तक टैक्स नहीं देना है, तो यह 4 लाख रुपये से अधिक क्यों है? शायद वित्त मंत्री इसका जवाब देंगे।इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि 2019 के चुनावों से पहले कर-मुक्त आय सीमा को 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये और 2023 के बजट में 7 लाख रुपये करते हुए, वित्त मंत्री ने नए पांच साल के कार्यकाल का पहला बजट पेश करते हुए इससे आगे निकल गए हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयकर रिफंड दोगुना हो गया है। इस पीढ़ी के स्वास्थ्य खर्च का ध्यान रखते हुए 36 प्रमुख आवश्यक दवाओं को सस्ता बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ग को बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी विदेशी निवेश का लाभ भी मिलेगा। नवाचार को बढ़ावा देने के प्रयास अगली पीढ़ी को आकर्षित करेंगे।सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए वित्तपोषण बढ़ाया गया है। सरकार ने उन किसानों को पर्याप्त नहीं दिया है जो 2014 में नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ खड़े थे। सम्मान योजना के तहत किसानों को सालाना दिए जाने वाले 6,000 रुपये में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। एमएसपी, ऋण माफी आदि का कोई उल्लेख नहीं था। इसके बजाय, देश के 100 जिलों में 1.7 करोड़ किसानों के लिए 'प्रधानमंत्री धन-दीना' योजना की घोषणा की गई है। वर्षों से भारतीय कृषि क्षेत्र को त्रस्त करने वाले कृषि उपज में आत्मनिर्भरता का वादा किया गया है, और बिहार में मखाना या महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में कपास की खेती को मजबूत करने के लिए एक योजना की घोषणा की गई है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। हालांकि ये घोषणाएं आकर्षक हैं, लेकिन यह निश्चित रूप से किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है। उत्तर भारत के कानून ने मध्य और दक्षिण भारत में एमएसपी और बहुप्रतीक्षित ऋण माफी जैसे प्रमुख मुद्दों की अनदेखी की है। यह और भी उल्लेखनीय है कि मध्यम वर्ग वित्त मंत्री के राजकोषीय संकल्प के केंद्र में वापस आ गया है क्योंकि वह 5 ट्रिलियन डॉलर की दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहे हैं।

बजटः शानदार भविष्य के साथ आमआदमी की बल्ले-बल्ले

-सुरेश गांधी

फिरहाल, वित मंत्री निर्मला सीता रमण ने बजट में गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति पर विशेष ध्यान दिया है। मिडिल क्लास पर जमकर अपना प्यार व स्नेह लुटाया है। कहा जा सकता है यह बजट मिडिल क्लास पर मेहरबान और आम आदमी को बमबम करने वाला बजट है। मध्य वर्ग और नौकरी पेशा समुदाय के लिए यह बजट राहत वाला है। एक कमाईशुदा व्यक्ति की हर साल की 12 लाख की कमाई टैक्स फ्री हो गई है. यानी हर महीने आपकी एक लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देगा पड़ेगा. इसके अलावा वित्त मंत्री ने इस बजट में चुनावी राज्य बिहार पर खास ध्यान दिया है, जहां लगभग 9 महीने बाद चुनाव होने हैं. मखाना बोर्ड के गठन की सरकार के ऐलान से बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र, खासकर दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सहरसा, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, सुपौल और मधेपुरा जिलों के पांच लाख से ज्यादा किसानों को लाभ मिलने की संभावना है. दिलचस्प बात यह है कि बिहार में मखाना का उत्पादन करने वाले अधिकांश क्षेत्र एनडीए का गढ़ हैं और इनका प्रतिनिधित्व बीजेपी और जेडी-यू के सांसद करते हैं. यह स्पष्ट संकेत है कि राज्य में मखाना बोर्ड स्थापित करने की घोषणा से मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए का वोट बैंक मजबूत होगा. इसके अलावा सरकार की मंशा है कि कपास उत्पादकता मिशन का गठन कर कपास के प्रोडक्शन और ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देगी। सीतारमण ने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना करने का ऐलान किया। राज्य में आइआइटी का विस्तार होगा। मखाना बोर्ड और 3 नए एयरपोर्ट भी बनाए जाएंगे।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट न केवल सैलरीड पर्सन के लिए छूट दी गई, बल्कि कृषि से लेकर डिफेंस तक के लिए खजाना खोला गया। या यूं कहे यह बजट किसानों, मिडिल क्लास और गरीबों का का है। यह बजट आम आदमी का जेब भरने वाला है। इस बजट से न केवल निजी सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देश में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। एमएसएमई क्षेत्र को क्रेडिट गारंटी कवर को दोगुना करने और ?1.5 लाख करोड़ जोड़ना बेहतर कदम है। इससे स्टार्ट-अप को बढ़ावा मिलेगा और विनिर्माण केंद्रों को बढ़ावा मिलेगा। फुटवियर, चमड़ा और खिलौना विनिर्माण उद्योगों पर बजट का ध्यान जमीनी स्तर पर नौकरियों को बढ़ावा देगा। इस बजट में अमीर और गरीब के साथ-साथ गांवों और शहरों के बीच की खाई को पाटने के प्रावधान किया गया हैं। युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ होगा। रोजगार के अवसर पैदा होंगे। चमड़ा और जूते के क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 22 लाख से अधिक रोजगार पैदा हो सकते हैं। सूती वस्त्र और परिधान उद्योग में रोजगार पैदा होंगे। कौशल विकास पर जोर और पिछले साल घोषित की गई 5 पीएम योजनाएं भी हमारे युवा पुरुषों और महिलाओं को अधिक रोजगार योग्य और रोजगार के लिए योग्य बनाएंगी, उन्हें कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण देंगी और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेंगी। यह एक बहुत ही समग्र बजट है जो आम आदमी को प्रभावित करेगा, जो मध्यम वर्ग को प्रभावित करेगा और इसका मतलब है कि अधिक डिस्पोजेबल आय होगी, जिससे बाजार में मांग को बढ़ावा मिलेगा। यह विकसित भारत 2047 की नींव तैयार करने वाला बजट है। रक्षा मंत्रालय को 6.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले साल के बजट आवंटन से लगभग 9.5 प्रतिशत अधिक है और रक्षा बलों का आधुनिकीकरण करने में आसानी होगी। कर राहत से मध्यम वर्ग और वेतनभोगी कर्मचारियों को लाभ होगा। किसानों के लिए घोषणाएं कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति लाएंगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए बजट में किये गए प्राविधानों से भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर चमकने का अवसर मिलेगा।

बता दें, सरकार ने किसानों यानी कि अन्नदाता के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजनाकी शुरूआत की है. इस योजना के तहत देश के 100 विकासशील जिलों में खेती की पैदावार को बढ़ाने, फसल कटाई और भंडारण के लिए सुविधा बढ़ाई जाएगी. किसानों को लोन मिलने में सुविधा होगी. सिंचाई सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा. इसका फायदा 1.7 करोड़ किसानों को मिलेगा. सरकार दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए तूर, उड़द और मसूर दालों की खेती पर विशेष ध्यान देगी. इसके तहत नेफेड औ? दूसरी केंद्रीय एजेंसियां किसानों से अगले 4 सलों तक दाल की खरीद करेंगी. सरकार ने सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरू किया है. वित्त मंत्री ने कहा कि सब्जियों और फलों के उत्पादन, सप्लाई, प्रोसेसिंग और किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके इसके लिए राज्यों की भागीदारी से एक व्यापक कार्यक्रम शुरू करेगी. इतना ही नहीं सरकार किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया है. सरकार ने घोषणा की है कि यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाले एक प्लांट की स्थापना की जाएगी. युवा उद्यमियों को सरकार ने कई राहत देने की घोषणा की है. इसके तहत एमएसएमई सेक्टर के लिए मिलने वाले कर्ज अब 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ हो गए हैं. उद्यम पोर्टल पर रजिस्टर्ड छोटे उद्योगों के लिए 5 लाख की सीमा वाले 10 लाख क्रेडिट कार्ड सरकार जारी करेगी. देखा जाएं तो मोदी सरकार ने पहली बार के उद्यमियों के लिए नई योजना शुरू की है. इसके तहत पांच लाख महिला, अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को 2 करोड़ तक का लोन दिया जाएगा. देश भर की महिलाओं को आंगनवाड़ी योजना के तहत देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों और 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन दिया जाएगा. सरकार ने बच्चों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना पैदा करने के लिए अगले 5 सालों में सरकारी स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने की घोषणा की है. सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सरकार भारत नेट परियोजना के तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ेगी. मेडिकल कॉलेज में सरकार 10000 सीटें बढ़ाएगी. इससे देश में हर साल अब 10 हजार नए डॉक्टर बनेंगे. कैंसर जैसी भयावह बीमारी से जूझ रहे लोगों और परिवारों को राहत देने के लिए सरकार अगले 3 सालो में सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्र बनाएगी. 2025-26 में ही ऐसे 200 केंद्र बनाए जाएंगे. मध्य वर्ग की हवाई यात्रा के सपने को उड़ान देते हुए सरकार ने अगले 10 सालों में 120 स्थानों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने का फैसला किया है. इस 4 करोड यात्री लाभान्वित होंगे.

वित्त मंत्री कई वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी में कटौती की घोषणा की है, जिससे कुछ चीजों के दाम कम होने की उम्मीद है. ये चीजे हैं, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां, 36 जीवनरक्षक दवाएं, कैंसर की दवाएं, इलेक्ट्रिक गाड़ी, मोबाइल फोन, मोबाइल बैटरी, लेदर गुड्स और एलईडी टीवी. इस घोषणा के बाद आम आदमी काफी राहत की उम्मीद कर रहा है. मिडिल क्लास के लिए बजट की सबसे बड़ी घोषणा है आयकर के लिए सीमा निर्धारण में बड़ी छूट. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये तक की आय (कैपिटल गेन छोड़कर) पर कोई कर नहीं लगेगा. जो लोग वेतनभोगी कर्मचारी हैं उनके लिए ये सीमा 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ 12.75 लाख हो जाएगी. यानी कि अब 12.75 तक आय कर मुक्त होगी. सरकार का दावा है कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है. इनमें मैन्युफैक्चरिंग, एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी और महिला उद्यमिता मिशन शामिल है. मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए मैन्युफेक्चरिंग मिशन के जरिए छोटे-मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर मिलेगा. सरकार भारत के फुटवियर और चमड़ा क्षेत्र की उत्पादकता, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट नीति और सुविधाओं को लागू करेगी. खिलौनों के लिए नेशनल एक्शन प्लान के आधार पर खिलौना क्षेत्र के लिए उपाय पेश किए जाएंगे. भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना होगा, जिसमें क्लस्टर, कौशल और एक वविनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. इससे ह्लमेड इन इंडियाह्व ब्रांड का प्रतिनिधित्व करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले टिकाऊ खिलौने तैयार किए जाएंगे. 4. 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाने वाली बड़ी घोषणाएं की गईं. जैसे प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत सरकार राज्य के साथ साझेदारी में कृषि जिला कार्यक्रम शुरू करेगी. इससे कम उत्पादकता, मध्यम फसल तीव्रता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिलों को लक्षित किया जाएगा. कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का ऐलान किया है. यह योजना 100 जिलों को कवर करेगी. इसका उद्देश्य फसल विविधीकरण, भंडारण बढ़ाना, सिंचाई में सुधार करना और किसानों के लिए दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की सुविधा प्रदान करना. बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापनालान किया गया है. दालों के लिए ह्लआत्मनिर्भरता मिशनह्व शुरू किया गया है. यह कार्यक्रम 6 सालों तक चलेगा. असम में यूरिया आपूर्ति को और बढ़ाने के लिए यूरिया संयंत्र स्थापित किया जाएगा. असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन की सलाना क्षमता वाला संयंत्र स्थापित किया जाएगा. पूर्वी क्षेत्र में 3 निष्क्रिय यूरिया संयंत्रों को फिर से पहले ही खोल दिया गया है. केंद्र बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान स्थापित करेगा. केंद्र वैश्विक साझेदारी के साथ कौशल विकास के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र विकसित करेगा. आईआईटी पटना का विस्तार किया जाएगा. सभी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे. पहली बार उद्यम करने वाली 5 लाख अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं के लिए नई योजना दी है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट न केवल सैलरीड पर्सन के लिए छूट दी गई, बल्कि कृषि से लेकर डिफेंस तक के लिए खजाना खोला गया। या यूं कहे यह बजट किसानों, मिडिल क्लास और गरीबों का का है। यह बजट आम आदमी का जेब भरने वाला है। इस बजट से न केवल निजी सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देश में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। एमएसएमई क्षेत्र को क्रेडिट गारंटी कवर को दोगुना करने और ?1.5 लाख करोड़ जोड़ना बेहतर कदम है। इससे स्टार्ट-अप को बढ़ावा मिलेगा और विनिर्माण केंद्रों को बढ़ावा मिलेगा। फुटवियर, चमड़ा और खिलौना विनिर्माण उद्योगों पर बजट का ध्यान जमीनी स्तर पर नौकरियों को बढ़ावा देगा। इस बजट में अमीर और गरीब के साथ-साथ गांवों और शहरों के बीच की खाई को पाटने के प्रावधान किया गया हैं। युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ होगा। रोजगार के अवसर पैदा होंगे। चमड़ा और जूते के क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 22 लाख से अधिक रोजगार पैदा हो सकते हैं। सूती वस्त्र और परिधान उद्योग में रोजगार पैदा होंगे। कौशल विकास पर जोर और पिछले साल घोषित की गई 5 पीएम योजनाएं भी हमारे युवा पुरुषों और महिलाओं को अधिक रोजगार योग्य और रोजगार के लिए योग्य बनाएंगी, उन्हें कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण देंगी और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेंगी। यह एक बहुत ही समग्र बजट है जो आम आदमी को प्रभावित करेगा, जो मध्यम वर्ग को प्रभावित करेगा और इसका मतलब है कि अधिक डिस्पोजेबल आय होगी, जिससे बाजार में मांग को बढ़ावा मिलेगा। यह विकसित भारत 2047 की नींव तैयार करने वाला बजट है। रक्षा मंत्रालय को 6.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले साल के बजट आवंटन से लगभग 9.5 प्रतिशत अधिक है और रक्षा बलों का आधुनिकीकरण करने में आसानी होगी। कर राहत से मध्यम वर्ग और वेतनभोगी कर्मचारियों को लाभ होगा। किसानों के लिए घोषणाएं कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति लाएंगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए बजट में किये गए प्राविधानों से भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर चमकने का अवसर मिलेगा।

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट मोदी सरक

गरीबों, युवकों व महिलाओं के सपनों को साकार करने वाला बजट: भरत शुक्ला

मुंबई (उत्तरशक्ति)। मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर के ट्रस्टी व सायन कोळीवाड़ा समाजसेवी भरत भाई शुक्ला ने केंद्रीय 2025 - 26 बजट की तारीफ करते हुए इसे आम आदमी के सपनों को साकार करने वाला बजट बताया है। उन्होंने आयकर स्लैब में किए गए अभूतपूर्व सुधारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बजट से लोगों की बजट में वृद्धि होगी साथ ही साथ उन्हें शिक्षा रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गई घोषणाओं को भी सकारात्मक बताया। इस बजट को देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया यह एक ऐतिहासिक बजट है इस बजट से मध्यवर्गीय करदाताओं को राहत मिलेगी। दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

प्रजापति समाज मुंबई का वार्षिकोत्सव आज

मुंबई। प्रजापति समाज मुंबई का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आगामी 26 जनवरी 2025 को दिन में 1.00 बजे से सेक्टर नंबर-1 प्रजापति प्यारेलाल हाल एरोली में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सामाजिक कार्यक्रम के साथ-साथ शिक्षा, व्यवसाय, वैवाहिक, समाज में व्याप्त तमाम कुरीतियों व समस्याओं सहित आदि मुद्दों पर विचार विमर्श एवं चर्चा किया जाएगा। प्रजापति समाज मुंबई के अध्यक्ष प्रोफेसर राम जन्म प्रजापति ने समाज के बंधुओं से अपील किया है कि आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग करें एवं सपरिवार सहित कार्यक्रम में अवश्य भाग ले। उन्होंने कहा है कि इस कार्यक्रम में अपने-अपने बच्चों को जरूर ले आए, उनका मार्गदर्शन किया जाएगा, साथ अच्छा मार्क प्राप्त करने वाले होनहार बच्चों को प्रशस्ति पत्र, सिल्वर देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी गुजरात, दमन, मुंबई के पूणे, नासिक व उत्तर प्रदेश के व्यवसायी, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले समाजसेवी भी भाग ले रहे हैं।

केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष बने सुनील कुमार बिंद

मुंबई(उत्तरशक्ति)। केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम केवट ने सुनील कुमार बिंद को फाउंडेशन का जौनपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं आशीष कुमार बिंद को फाउंडेशन का जौनपुर जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सुनील कुमार बिंद को फाउंडेशन का जौनपुर जिला अध्यक्ष तथा आशीष कुमार बिंद को फाउंडेशन का जौनपुर जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने जौनपुर मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद बी.पी.सरोज, राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत बिंद, सांसद डॉ. विनोद बिंद, पूर्व राज्यमंत्री जयप्रकाश निषाद, मछलीशहर जिला अध्यक्ष राम विलास पासवान, प्रधान सूरज केवट, डॉ. बंगाली बिंद, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, रवि बिंद, अशोक बिंद, रामचंद्र बिंद, अशोक बिंद, सुनील बिंद, सुनील बिंद, संतोष कुमार बिंद, अमर बहादुर पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग व शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

यादव समाज द्वारा संचालित राधा कृष्ण विद्यालय में बाटी चोखा का आयोजन

भिवंडी । भिवंडी के कामतघर क्षेत्र के शिवरामनगर स्थित यादव समाज भिवंडी द्वारा संचालित रा्दा कृष्ण इंग्लिश माध्यम स्कूल में उत्तर भारतीयों का विशेष व्यंजन बाटी चोखा का कार्यक्रम रखा गया जहाँ सामाजिक चर्चा की गयी । बतादें कि गत माह गोवर्धन पूजा संपन्न किया गया था जिसका आय व्यय का लेखा जोखा नहीं हो पाया था उक्त संदर्भ में भी समाज के समक्ष रखा गया । वहीं यादव समाज भिवंडी द्वारा संचालित राधा कृष्ण इंग्लिश माध्यम की जमीन का 7/12 यादव समाज के नाम पर करने की चर्चा की गयी । उक्त सभा में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित यादव संघ मुंबई के अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि जिन पांच सदस्यों के नाम पर जमीन है उसमें से दो लोगों का स्वर्ग गमन हो गया है , जब तक उनके वारिसदारों का नाम 7/12 में दर्ज नहीं होगा तब तक संस्था के नाम जमीन करना संभव नहीं है । अजय यादव ने यादव समाज भिवंडी के अध्यक्ष डा. एन एल यादव से उक्त समस्या का जल्द से समाधान कर जमीन समाज के नाम पर कर देने की बात कही है । उक्त अवसर पर यादव समाज भिवंडी के अध्यक्ष डा.एन एल यादव , सचिव आर एल यादव , कोषाध्यक्ष विजय बहादुर यादव , गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष मंगेश यादव , पी डी , हीरालाल यादव , विनोद यादव , हीरालाल यादव , आचार्य सूरजपाल यादव , लल्लन यादव , चंद्रभान यादव , जितेन्द्र यादव , रामसिंह यादव , राजेन्द्र यादव , विद्याचरन यादव , डा. बृजेश यादव , डा. श्यामनारायन यादव , डा. आदित्य यादव , ओमप्रकाश यादव , चंद्रिका यादव , गुलाब यादव , साधू यादव , हरेन्द्र यादव , अरविंद यादव , जगलाल यादव , कन्हैयालाल यादव , अवध नारायण यादव , श्याम यादव , संतलाल यादव , रामकरन यादव , संतोष यादव , रामसजीवन यादव , विजय यादव समेत असंख्य लोग उपस्थित थे ।

किसानों को सशक्त बनाना, सतत उत्पादन और मजबूत कृषि-अर्थव्यवस्था - विकसित भारत की हमारी यात्रा में अनिवार्य: बलराम सिंह यादव

मुंबई/पटना। बजट प्रस्तावों में भारत के कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक व्यापक रणनीति नजर आ रही है, जो इसे विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा में एक प्रमुख चालक के रूप में स्थापित करती है। उच्च उपज वाले, जलवायु के अनुरूप बीज, कपास की उत्पादकता को बढ़ावा देने और दालों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने जैसे महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा के साथ बजट एक बेहतर कृषि-अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत आधार तैयार करता है। संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड ऋण के लिए 3 लाख से 5 लाख तक की बढ़ी हुई ऋण सीमा छोटे मत्स्यपालकों और डेयरी किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी, क्योंकि अब उन्हें अधिक वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें अपने कामकाज को बढ़ाने में मदद मिलेगी। मछली और जलीय कृषि के दूसरे सबसे बड़े वैश्विक उत्पादक के रूप में भारत की स्थिति को बनाए रखने के लिए एक प्रमुख इनपुट सामग्री पर मूल सीमा शुल्क में कमी से इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता और स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। दालों और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए बजट का रणनीतिक प्रयास, फलों और सब्जियों के लिए नए एकीकृत कार्यक्रम के साथ मिलकर पोषण सुरक्षा और कृषि स्थिरता दोनों सुनिश्चित करता है।

अरमान मलिक, निकिता गांधी, इक्का और डीजे योगी द्वारा शानदार परफॉर्मेंस

ठाणे (उत्तरशक्ति)। लिविंग इट लार्ज की भावना का जश्न मनाते हुए, सीग्राम रॉयल स्टैग ने अपने बहुप्रतीक्षित तीसरे संस्करण की शुरूआत 1 फरवरी को ठाणे, मुंबई के टीएमसी ग्राउंड, आनंद नगर में शानदार शो के साथ की। पिछले संस्करणों की शानदार सफलता को ध्यान में रखते हुए, इस साल का महोत्सव और भी ज्यादा सीमाओं को पार करते हुए संगीत और गेमिंग मनोरंजन का बेहतरीन संगम लेकर आया है। शाम को जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जब हजारों उत्साही लोग भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध कलाकारों के शानदार परफॉर्मेंस का आनंद लेने के लिए एकत्र हुए थे। इस कार्यक्रम ने शानदार संगीत, मंत्रमुग्ध कर देने वाली परफॉर्मेंस और बेमिसाल ऊर्जा के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

टीएमसी ठाणे के विशाल मैदान को जीवंत इंस्टॉलेशन्स, इमर्सिव आर्ट डिस्प्ले, क्यूरेटेड फूड एक्सपीरियंसेज और इंटरएक्टिव जोन से सजाया गया, जिससे यह उत्सव संगीत से कहीं अधिक बन गया। शाम की शुरूआत डीजे योगी के एक ऊजार्वान सेट के साथ हुई, जिसने रात के लिए एकदम सही माहौल तैयार किया। इस कार्यक्रम में ईएएफसी गेमिंग फेस-ऑफ प्रतियोगिता भी दिखाई गई, जिसमें श्रीमन लेजेंड और रॉकनी ने मंच पर लाइव मुकाबला किया।

गायक-संगीतकार अरमान मलिक ने कहा, संगीत हमेशा मेरे

लिए लोगों से जुड़ने का तरीका रहा है, चाहे वे कहीं से भी हों और कोई भी भाषा बात करते हों। पिछले साल रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के लिए देशभर में परफॉर्मेंस करना अविस्मरणीय अनुभव था - हर शहर में भीड़ की ऊर्जा सचमुच रोमांचक थी। गायिका निकिता गांधी ने कहा, व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स हमेशा संगीत के माध्यम से प्रयोग करने और सीमाओं को तोड़ने के बारे में रहा है। चाहे वह शैलियों का संगम हो या एक शानदार लाइव परफॉर्मेंस देना हो, यह मंच हमें रचनात्मक सीमाओं को पार करने का मौका देता है। मुंबई में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स में प्रदर्शन करना अविस्मरणीय अनुभव था, और मैं गुवाहाटी में अपने अगले शो के लिए उत्साहित हूं। आर्टिस्ट इक्का ने कहा, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स खास इसलिए है क्योंकि यह हर कलाकार को अपनी अनोखी ध्वनि और वाइब दिखाने का मौका देता है। यह सचमुच असली कहानियों, शानदार बीट्स और अविस्मरणीय पलों के बारे में होने वाला है! मुंबई में शानदार शो के बाद, मैं गुवाहाटी में वही ऊर्जा और रोमांच लाने के लिए तैयार हूं। डीजे योगी ने कहा, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का मकसद संगीत के माध्यम से भीड़ को हिलाना और उन्हें जीवित महसूस कराना है। एक डीजे के रूप में, मेरा लक्ष्य बीट्स और शैलियों को मिलाकर एक ऊजार्वान वातावरण बनाना है।

गेमिंग यूट्यूबर श्रीमन लेजेंड ने कहा, एक गेमर और क्रिएटर के रूप में, मैं इस शानदार अवसर के लिए एम्पवर्स डीएमआई पल्स के साथ सहयोग करने और रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। रॉकनी ने कहा, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स गेमिंग, संगीत और हर उस चीज का उत्सव है जो दर्शकों की ऊर्जा को उत्तेजित करती है। श्रीमन लेजेंड के साथ लाइव मुकाबला करना शानदार था, और इस इवेंट का ऊजार्वान माहौल हमेशा मेरे साथ रहेगा।

श्री सिद्धिविनायक की रथ शोभा यात्रा में शामिल हुए लाखों गणेश भक्त

मुंबई (उत्तरशक्ति)। माघ शुक्ल श्री गणेश जयंती के पावन अवसर पर जन्मोत्सव के उपरांत श्री सिद्धिविनायक की रथ शोभा यात्रा में लाखों गणेश भक्त शामिल हुए । इस अवसर पर श्री सिद्धिविनायक ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा सरवणकर , कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी सहित सभी ट्रस्टी उपस्थित थे ।

जरूरतमंदों को कम्बल, साडी, एवं फल भेंट कर मनाया पत्रकार संघ अध्यक्ष निराला का जन्मदिन

पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध पत्रकारों के संगठन बोईसर-पालघर पत्रकार संघ(रजि.) की ओर से विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शनिवार, दि.01फरवरी 2025 को पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं लोकप्रिय हिंदी पाक्षिक ₹बोईसर समाचार₹ के प्रधान सम्पादक रामप्रकाश निराला का 65 वां जन्मदिन ₹समाजसेवा दिवस₹ के तौर पर मनाया गया। जन्मदिन कार्यक्रम की शुरूआत बोईसर (चित्रालय) स्थित सम्राट होटल में मान्यवरों की प्रमुख उपस्थिति में केक काट कर की गई। इसके बाद सभी उपस्थितजनों ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी व बोईसर-पालघर पत्रकार संघ(रजि.) के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला को पुष्पगुच्छ व उपहार देकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाये दी।तत्पश्चात पत्रकार व समाजसेवी लोगों की टीम के साथ

मिलकर तारापुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों को कम्बल,साड़ी,फल-फ्रुट्स,तथा नास्ता भेंट दिया गया।

इसके बाद श्री संतोषी माता मंदिर, आशागढ़ व श्री महालक्ष्मीमाता मंदिर विवलवेढे (दहानू) पहुंचकर मन्दिर परिसर मे बैठे जरुरतमन्दो को फल-फ्रूट, नास्ता,साडी व कम्बल भेंट दी गयी ।उपरोक्त भेंटवस्तु पाकर इन जरुरतमन्दो ने पत्रकार निराला को जन्मदिन पर उनकी लम्बी आयु की कामना की। इस अवसर पर बोईसर-पालघर पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष भूपनारायण शुक्ला व प्रवीण पाटील, महासचिव मोहन म्हात्रे, सह सचिव अजीत सिंह, दीपक निराला, कार्यकारिणी सदस्य मृत्युंजय पाण्डेय व संगीता शाह , समाजसेवी मोईज शेख, रामनरेश यादव, बोईसर के पूर्व सरपंच काशीराम वलवी, असदुल्ला खान, पुष्पा तिवारी, सुनीता सकपाल, अरविंद शाह, शीला करोतिया तथा प्रसाद वैद्य आदि उपस्थित थे। वरिष्ठ पत्रकार रामप्रकाश निराला को जन्मदिन की बधाई देने वाले अन्य मान्यवरों में पालघर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रफुल पाटील, कांग्रेस नेता बलवंत गावित,अविश राऊत,मधुकर चौधरी, रोशन पाटील, भाजपा जिला महिला शोसल मीडिया समन्वयक ममता शिरहट्टी, मनसे नेता अनन्त दलवी व शिवाजी रेम्बालकर, राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी ललित माली, वरिष्ठ पत्रकार आशाद शेख, प्रमोद तिवारी, जयवंत आहिरे, उमाकांत भारती, रविन्द्र मिश्रा, नंदन मिश्रा,अलहिंद इकता फाउंडेशन के अध्यक्ष इकरार अहमद सिद्दीकी, समाजसेवी सचिन जाधव, अमित निगम, पायल जाधव सहित अनेक राजनेता, पत्रकार एवं समाजसेवियो ने पत्रकार निराला को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

भिवंडी के पत्रकार श्रीनिवास सिरीमल्ले को राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2025 पुरस्कार से किया गया सम्मानित

आचार्य सूरजपाल यादव

भिवंडी (उत्तरशक्ति)। मुंबई के अंधेरी स्थित मेहर हॉल में डॉ. राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2025 पुरस्कार का आयोजन कृष्ण चव्हाण फाउंडेशन के नेतृत्व में किया गया जहां भिवंडी क्षेत्र में पत्रकारिता करने वाले श्रीनिवास सिरीमल्ले को सम्मानित किया गया । बतादें कि पुरस्कार समारोह में प्रसिद्ध निमार्ता-निर्देशक धीरज कुमार , संगीतकार दिलीप सेन , हास्य अभिनेता सुनील पाल , मुंबई के एसीपी संजय पाटिल , सिने डिजाइनर रामपेल्ली राजपाल और बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुईं थी । इस भव्य कार्यक्रम में भिवंडी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ पत्रकार

श्रीनिवास सिरिमल्ले को राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया गया । श्रीनिवास सिरीमल्ले मुंबई महानगर , नवी मुंबई महानगर के साथ ठाणे , भिवंडी कल्याण , उल्हासनगर आदि उपनगरों में रहने वाले तेलुगु समाज के लोगों को अच्छा मार्गदर्शन और जागरूकता प्रदान कर रहे हैं । श्री निवास सिरीमल्ले कोमल समाचार नामक साप्ताहिक समाचार पत्र के संपादक तेलुगु समाचार (टीएस टीवी न्यूज) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भी चलाते हैं । इस कार्यक्रम में समाजसेवी , व्यवसायी , पत्रकार , डॉक्टर , वकील , जादूगर और तांत्रिकों को भी सम्मानित किया गया ।

अल्ट्राकैब लिमिटेड का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

मुंबई। भारत में बिजली के तारों और केबलों के उत्पादन और निर्यात में अग्रणी अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड (बीएसई-538706) का 4981 लाख का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 से सब्सक्रिप्शन के लिए खुला हुआ है। कंपनी का सही इश्यू प्राइस 14.5 रुपए प्रति शेयर है और यह 11 फरवरी, 2025 को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में भाग लेने/सदस्यता लेने के लिए बीएसई से अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के राइट्स एंटाइटेलमेंट (बीएसई प्रतीकः 750951) भी खरीद सकते हैं। राइट्स इश्यू ऑन-मार्केट अस्वीकार की समय सीमा 5 फरवरी, 2025 है। इस इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 9:25 (रिकॉर्ड तिथि - 16 जनवरी, 2025 को शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 25 इक्विटी शेयरों के लिए 9 राइट्स इक्विटी शेयर) तय किया गया है। कंपनी 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 3.43 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी।

मार्च-2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 598 लाख रुपए रहा, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 582 लाख रुपए था।इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का रेवेन्यू 12439 लाख दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 10767 लाख रुपए था।

राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग ऋणों के पूर्व भुगतान/पुनर्भुगतान, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को बढ़ाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नितेश वघासिया ने कहा कि, ह्लहमारा राइट्स इश्यू जिम्मेदार विकास, वित्तीय लचीलापन और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। हम मौजूदा शेयरधारकों को उनकी हिस्सेदारी बढ़ाने का अधिकार देकर उनके विश्वास और वफादारी का सम्मान करते हैं। साथ ही रणनीतिक विस्तार और अधिग्रहण के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग हासिल करना, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ सस्टेनेबल विकास के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह कदम वास्तव में गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण के प्रति हमारे समर्पण के अनुरूप हैं। आगे बढ़ते हुए हम डिजिटल परिवर्तन और लक्षित उत्पाद और बाजार विस्तार को प्राथमिकता देकर इस गति को जारी रखेंगे। हमारा ध्यान दीर्घकालिक हितधारक मूल्य बनाने और निरंतर विकास को आगे बढ़ाने पर है। वर्ष 2007 में स्थापित, अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड गुजरात स्थित उच्च गुणवत्ता वाले बिजली के तारों और केबलों का निमार्ता और निर्यातक है। कंपनी घरेलू, औद्योगिक, सौर और एलिवेटर अनुप्रयोगों की सेवा प्रदान करती है। अपनी विश्वसनीयता के लिए जानी जाने वाली यह कंपनी बेहतर उत्पाद सुनिश्चित करने के लिए उन्नत तकनीक और सख्त गुणवत्ता नियंत्रण का उपयोग करती है। कंपनी एक दशक से अधिक समय से 55+ सरकारी विभागों और 150+ कॉर्पोरेट समूहों को केबल की आपूर्ति कर रही है, जिसमें पूरे भारत में 400+ डीलर हैं और 29 देशों में कंपनी की उपस्थिति है।

घरेलू कामगारों को कानूनी सुरक्षा देने के लिए कानून बनाया जाए

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का सहर्ष स्वागत

मुंबई। घरेलू कामगारों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक व्यापक कानून बनाया जाना चाहिए। ऐसी सलाह सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया है इसके अलावा इस संबंध में कानूनी नियमों की रूपरेखा तय करने के लिए एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है।

साथ ही इस कमेटी ने केंद्र सरकार को छह महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया है। उक्त निर्देश न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान की खंडपीठ ने दिया । माननीय सर्वोच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की नेतृत्व वाली खंडपीठ का सावित्रीबाई घरेलू कामगार संगठना के अध्यक्ष सुभाष मराठे-निमगांवकर ने सहर्ष स्वागत किया।

बता दें कि घरेलू कामगार आवश्यक मनुष्य बल की श्रेणी में आते हैं।

घरेलू कामगारों को अक्सर अपने मालिकों द्वारा उत्पीड़न, यौन शोषण, कम वेतन के माध्यम से आर्थिक शोषण, लंबे समय तक काम करने, दुर्व्यवहार और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने की जरूरत है। इसलिए उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक कानून बनाया जाना चाहिए ऐसी सलाह सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया है।

केंद्र सरकार इस संबंध में सकारात्मक कदम उठाएगी और कानून बनाएगी ऐसी अपेक्षा जताते हुए सुभाष मराठे ने एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का स्वागत किया है।

महाराष्ट्र सरकार से सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की मांग

मुंबई। केंद्र सरकार जहां एक तरफ आठवें वेतन आयोग की शिफारिशों को लागू करने के लिए समिति के गठन की कवायद में जुट गई है वहीं महाराष्ट्र में सरकारी कर्मचारियों को जुलाई २०२४ के महंगाई भत्ते को लागू न किए जाने से सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और अन्य विभागों के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इस कारण मुंबई कांग्रेस के सचिव डॉ. सत्तार खान ने राज्य के वित्त मंत्री से महंगाई भत्ते को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए जुलाई २०२४ का महंगाई भत्ता काफी पहले ही बढ़ा दिया गया लेकिन वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र सरकार की ओर से महंगाई भत्ते को बढ़ाने के लिए अभी तक कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है।

इस कारण बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों में रोष व्याप्त है। जबकि बढ़ती हुई महंगाई से आम आदमी त्रस्त हो गया है। मुंबई के अनेक शिक्षकों ने शिक्षक संगठनों के नेताओं पर आक्रोश जताते हुए कहा कि जब शिक्षक मतदार संघ का चुनाव आता है तो यही यूनियन के नेता तमाम दावे करते हैं किंतु सात महीने बीत जाने के बाद भी महाराष्ट्र सरकार की ओर से जुलाई माह के महंगाई भत्ते की घोषणा न की गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों और शिक्षकों को महंगाई भत्ता देने के लिए लंबे समय से प्रयासरत डॉ. सत्तार खान ने बताया कि सर्वप्रथम केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने की घोषणा करती है उसके बाद राज्य सरकार केंद्र के इस निर्णय को संज्ञान में लेकर महंगाई भत्ते की घोषणा करती है। लेकिन महाराष्ट्र में सरकार का गठन होने के बाद भी राज्य सरकार कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए महंगाई भत्ते की घोषणा नहीं कर रही है। सत्तार खान ने महाराष्ट्र सरकार के वित्त मंत्री से मांग की है कि वे जल्दी ही सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की घोषणा करें।

किआ इंडिया ने 8.99 लाख रुपये में किआ सिरोस लॉन्च की

मुंबई। किआ इंडिया, प्रीमियम गाड़ियां बनाने वाली एक प्रमुख कंपनी, ने अपनी नई किआ सिरोस को लॉन्च किया है। यह मिड और कॉम्पैक्ट एसयूवी कैटेगरी के बीच एक नया सेगमेंट पेश करता है। इसकी कीमत 8.99 लाख रुपये रखी गई है। किआ सिरोस का डिजाइन अपने प्रीमियम मॉडल्स एश्9 और कार्निवल से प्रेरित है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, प्रीमियम कम्फर्ट और बोल्ड डिजाइन का बेहतरीन संयोजन देखने को मिलता है। यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है।

श्री जूनसू चो, चीफ सेल्स ऑफिसर, किआ इंडिया ने कहा, ₹भारत में एसयूवी की मांग लगातार बढ़ रही है, खासकर उन युवाओं में जो टेक्नोलॉजी के शौकीन और रोमांच पसंद करते हैं। ऐसे लोग अपनी गाड़ियों से बहुत कुछ उम्मीद करते हैं। किआ इंडिया ग्राहकों की बदलती जरूरतों के हिसाब से नई और बेहतरीन डिजाइन वाली गाड़ियाँ बना रहा है, जो ऑटोमोटिव इंडस्ट्री की सीमाओं को आगे बढ़ा रही हैं।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com

स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

मछलीशहर में फिर लगा एक निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, जच्चा-बच्चा की हुई मौत

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय कस्बे में स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान प्रसूता और नवजात की मौत हो गई।जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने अस्पताल को सीज करने और डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश सीएमओ लक्ष्मी सिंह को दिए हैं। कैसे हुआ हादसा? चौबेपुर निवासी खुशबू, पत्नी संतोष कुमार, शनिवार की भोर में नगर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के लिए आई थीं। डॉक्टर ने नॉर्मल डिलीवरी की बात कही, लेकिन जांच में गर्भ में शिशु की मृत्यु की पुष्टि हुई। नॉर्मल प्रसव के जरिए मृत नवजात को बाहर निकाला गया, जिसके बाद महिला को भारी रक्तस्राव होने लगा। रक्तस्राव रोकने में असफल रहने पर उसे जौनपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल पर हंगामा, प्रशासन ने की कार्रवाई प्रसूता की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों ने अस्पताल पर हंगामा किया। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम को जब मामले की जानकारी मिली, तो उन्होंने अस्पताल संचालक पर कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए। सीएमओ लक्ष्मी सिंह ने जांच के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉ. तपिश कुमार को जिम्मेदारी दी। प्राथमिक जांच में क्या सामने आया? अस्पताल के रजिस्ट्रेशन में जिस डॉक्टर का नाम दर्ज है।वह अनुपस्थित मिलीं। उनकी जगह अन्य डॉक्टर अस्पताल चला रही थीं। जांच के लिए डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस का बयानः तहरीर पर होगी कार्रवाई थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि अस्पताल की महिला डॉक्टर को सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली लाया गया है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पत्नी से वीडियोकॉल करके फांसी पर झूला युवक

डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।जनपद के सारनाथ में शुक्रवार की आधी रात पत्नी से विवाद के बाद युवक ने वीडियो कॉल करके फांसी लगा ली। पत्नी दूसरी ओर से चीखती चिल्लाती रही लेकिन युवक ने उसकी एक भी नहीं सुनी। उसे बच्चों की कसम भी दी लेकिन युवक ने फंदा गले में डाल या और झूल गया। बताया कि युवक का शाम को ही पत्नी से मायके जाने की जिद को लेकर झगड़ा हुआ था जिसके बाद युवक काम की बात कहकर निकल गया था। पत्नी से विदाई के बारे में बात करते हुए वीडियो कॉल पर ही उसकी मौत हो गई। जब तक पड़ोसियों को लेकर पत्नी मौके पर पहुंची युवक की मौत हो चुकी थी। घटना सारनाथ थाने के पास की है। जिसकी सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी पाकर युवक राकेश यादव के परिजन और ससुरालीजन भी मौके पर पहुंचे। गाजीपुर के भुजारी (खानपुर) निवासी 28 वर्षीय राकेश यादव ने लमही निवासी सीमा प्रजापति से प्रेम विवाह किया था। राकेश ठे-

मायके जाने को लेकर हुआ था झगड़ा, मायका-ससुराल से रिश्ते तोड़कर की थी लवमैरिज

के पर शटरिंग का काम करता था। रात में सारनाथ थाने से सटे एक प्लाट की रखवाली करता था। जिसके लिए उसे पैसे मिलते थे। उसने अकथा में किराये का कमरा लिया था। पत्नी सीमा से उसे 4 साल की बेटी ऋषिका और 2 साल का पुत्र ऋतिक है। प्रेम विवाह के कारण राकेश पत्नी को घर नहीं ले जाता था। मायके में रहने वाली सीमा इसके लिए दबाव बनाती थी तो विवाद होता था। शुक्रवार रात भी दोनों में विवाद हुआ। सारनाथ थाने के निकट प्लाट के टिन शेड के कमरे से राकेश ने पत्नी को वीडियो कॉल किया और फंदे पर झूल गया। पत्नी ने भाई गोलू प्रजापति को जानकारी दी। गोलू ने सारनाथ थाने पर सूचना दी। मायके से लोग सारनाथ थाने पहुंचे। पुलिस और मायके के लोगों को संबंधित प्लाट की जानकारी नहीं थी। लिहाजा करीब 4 घंटे तक सभी उसे ढूंढ़ते रहे। कई लोगों से पूछताछ में भोर में 4 बजे प्लाट की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस ने तलाश करते हुए शव को बरामद किया। पत्नी ने बताया कि उसने आखिरी बार कहा कि मैं जीते जी वहां नहीं जा सकता, मेरे मरने के बाद तुम वहीं रहना।

खरीदी हुई जमीन की रजिस्ट्री हो सकती है कैंसिल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भारत में जमीन और संपत्ति की रजिस्ट्री एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रक्रिया है जो संपत्ति के स्वामित्व को सुनिश्चित करती है। हाल ही में, सरकार ने इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और कुशल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। ये नए नियम 1 जनवरी 2025 से लागू होंगे और इनका मुख्य उद्देश्य रजिस्ट्री प्रक्रिया को डिजिटल बनाना, धोखाधड़ी रोकना और प्रक्रिया को सरल बनाना है। इन नए नियमों के तहत, जमीन रजिस्ट्री प्रक्रिया में कई बड़े बदलाव किए गए हैं जो न केवल प्रक्रिया को आसान और तेज बनाएंगे बल्कि फर्जी रजिस्ट्री और जमीन विवादों को भी रोकेंगे। ये बदलाव जमीन मालिकों, खरीदारों, रियल एस्टेट डेवलपर्स और सरकारी विभागों सभी के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस लेख में हम इन नए नियमों के बारे में विस्तार से जानेंगे और समझेंगे कि ये कैसे जमीन रजिस्ट्री प्रक्रिया को बदलेंगे। जमीन रजिस्ट्री के नए नियम 2025ः प्रमुख बदलाव ए. डिजिटल रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया नए नियमों के तहत, पूरी रजिस्ट्री प्रक्रिया डिजिटल हो जाएगी। इसमें निम्नलिखित बदलाव शामिल हैं। सभी दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे रजिस्ट्रार ऑफिस जाने की जरूरत खत्म होगी डिजिटल सिग्नेचर और तुरंत डिजिटल सर्टिफिकेट मिलेगा प्रक्रिया तेज, सरल और पारदर्शी होगी। बी. आधार कार्ड से लिंकिंग अनिवार्य सुरक्षा और पहचान सत्यापन के लिए, आधार कार्ड से लिंकिंग अनिवार्य की गई है। बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के जरिए फजीर्वाड़ा रोका जाएगा संपत्ति का रिकॉर्ड आधार से जुड़ेगा बेनामी संपत्ति की ट्रैकिंग आसान होगी। सी. रजिस्ट्री की वीडियो

जमीन रजिस्ट्री के नियमों में बड़ा बदलाव

रिकॉर्डिंग पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए, रजिस्ट्री प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य की गई है।रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य होगी यह भविष्य में किसी भी विवाद को सुलझाने में मदद करेगा। डी. ऑनलाइन फीस भुगतान रजिस्ट्री शुल्क का भुगतान अब ऑनलाइन किया जा सकेगा। डिजिटल पेमेंट गेटवे के माध्यम से फीस का भुगतान नकद लेनदेन में कमी से भ्रष्टाचार कम होगा जमीन रजिस्ट्री कैंसिल करने के नए नियम नए नियमों के तहत, जमीन रजिस्ट्री को कैंसिल करने की प्रक्रिया भी बदल गई है। रजिस्ट्री कैंसिल करने का समय अधिकांश राज्यों में रजिस्ट्री कैंसिल करने का समय 90 दिन तक का निर्धारित किया गया है। कैंसिलेशन के कारण रजिस्ट्री कैंसिल करने के लिए वैध कारण होना चाहिए। जैसेः गैरकानूनी तरीके से की गई रजिस्ट्री आर्थिक कारण पारिवारिक आपत्ति आवेदन प्रक्रिया रजिस्ट्री कैंसिल करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाने होंगे। शहरी क्षेत्र में नगर निगम या निबंधन विभाग के कार्यालय में संपर्क करें। ग्रामीण क्षेत्र में तहसील कार्यालय में संपर्क करें आवश्यक दस्तावेज जमा करें।जिसमें आपत्ति पत्र, हाल की रजिस्ट्री के दस्तावेज, और पहचान प्रमाण शामिल हैं ऑनलाइन कैंसिलेशन कुछ राज्यों में ऑनलाइन रजिस्ट्री कैंसिलेशन की सुविधा भी शुरू की गई है। ढ१ङ्कस्त्री१३८ फ्रैं२३१ंङ्कल्ल ऊ३''२ः आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रिया जमीन रजिस्ट्री के लिए निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक हैं।टाइटल डीड संपत्ति का कानूनी स्वामित्व दशार्ने वाला दस्तावेज सेल डीड खरीद-बिक्री का अनुबंध कर रसीदें संपत्ति कर के भुगतान के प्रमाण आधार कार्ड खरीदार और विक्रेता दोनों का पैन कार्ड आयकर विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र फोटो पहचान पत्रः वोटर आईडी, पासपोर्ट, या ड्राइविंग लाइसेंस।

शाही किले के पास कपड़े की दुकान में लगी आग, 20 लाख के सामान की क्षति की आशंका

तीन फायर ब्रिगेड की गाडियों ने पाया काबू

रियाजुल हक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। रात करीब 12, बजे फायर स्टेशन चौकिया की सीयूजी नंबर पर सूचना प्राप्त हुई कि किला गेट के सामने थाना कोतवाली नगर अंतर्गत जनपद जौनपुर में कपड़े की दुकान में आग लगी है। तत्काल एफएसओ नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में एक साथ तीन गाड़ियों को साथ लेकर घटनास्थल के लिए तत्काल रवाना हुए तथा मौके पर पहुंचकर देखा गया तो दुकान के बाहर दोनों सटर में ताला बंद था और दुकान मालिक भी मौके पर मौजूद नहीं था।यूनिट द्वारा दुकान मालिक न होने के कारण ताले को तोड़कर तथा लाइट को बंद करवाकर सटर को उठाकर आग को बुझाना प्रारंभ किया गया कुछ देर पश्चात दुकान मालिक भी मौके पर पहुंच आये। चौकी इंचार्ज सिपाह भी मौके पर मौजूद थे आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।आग को पूर्ण रूप से बुझाने के पश्चात निरीक्षण किया गया तो आग मजीद एण्ड सन्स क्लाथ स्टोर किला गेट के सामने थाना कोतवाली ,दुकान मालिक जीशान पुत्र स्व0 अब्दुल मजीद निवासी अबीरगढ टोला जौनपुर के दुकान में आग लगी थी।फायर यूनिट की सूझबूझ व तत्परता व त्वरित कार्रवाई के कारण आग पर काबू तो पाया लेकिन

नुकसान को नहीं बचाया जा सका । दुकान के मालिक जीशान अंसारी के छोटे भाई अजहर अंसारी ने बताया कि दुकान में लगभग 20 से 25 लाख रुपए का सामान जल करके राख हो गया उनका कपड़े का थोक का कारोबार था जिसमें साड़ियां आदि की सेलिंग की जाती थी आग अंदाजा है की शॉर्ट सर्किट से लगी।

बजट विकसित भारत के संकल्प सिद्धि में साबित होगा मील का पत्थरः कृपा शंकर सिंह

डॉ .इम्तियाज अहमद

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह रविवार को जौनपुर में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बजट में भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और आम नागरिकों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सरकार ने हर वर्ग खास तौर पर गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकारी खजाना कैसे भरेगा लेकिन इस बजट उसके बिल्कुल विपरीत है।यह बजट देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा। देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी।को यह बजट इसकी एक बहुत मजबूत नीव रखता है। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने आयकर की सीमा को 7 लाख से बढ़कर 12 लख रुपए कर दिया है इसे मध्यम वर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित सभी लोगों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कल पेश किये गए बजट

में सरकार ने बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वर्ष 2047 तक कम से कम 100 गीगावॉट परमाणु बिजली पैदा करने का लक्ष्य रखा है, यह देश के विकास के लिए एक शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि यह बजट न सिर्फ वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है। बल्कि देश के भविष्य की तैयारी करने में भी मदद करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। सिंह ने अच्छा बजट पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरेंद्र प्रसाद सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, महामंत्री सुशील मिश्रा व भाजपा नेता प्रबुद्ध दुबे सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

जल्द शुरू होगा त्रिलोचन बाजार में नाली का कामः जगदीश राय

जलालपुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)।क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार में काफी वर्षो से जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था न होने से व्यापारियों में काफी आक्रोश है।रविवार को उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो व्यापारियों ने जफराबाद विधायक जगदीश राय को बाजार में नाली व सुलभ शौचालय बनवाने के लिए ज्ञापन दिया।ज्ञात हो विधायक जगदीश राय त्रिलोचन बाजार में स्थित रामरूप सर्वोदय इंटर कालेज में नवनिर्मित गेट के शिलान्यास कार्यक्रम में शरीक होने के लिए आए हुए थे। जिसकी सूचना व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग वर्मा को होने पर सैकड़ो व्यापारियों को एकत्रित कर विधायक को बाजार में रोककर बाजार की जटिल समस्याओं से अवगत कराया।श्री वर्मा का कहना है कि लोग नाली निर्माण कराने लंबे समय से गुहार लगा रहे हैं।लेकिन उनकी कोई सुनने को तैयार नहीं है। अब हाल यह है कि उनके घरों के सामने गंदा पानी भरा रहा है और इसी में से आवाजाही करना पड़ रही है।इसको लेकर बाजार वासियों ने डीएम को ज्ञापन भी दिया है, लेकिन

नाली नहीं होने से सड़कों पर भरा गंदा पानी

उसके बाद भी कोई भी सुनवाई नहीं कर रहा है। बाजार वासी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। यह बाजार विकास में पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है। मूल समस्या नाली निर्माण की है।नाली निर्माण नहीं होने के कारण घर से निकलने वाला गंदा पानी मुख्य रास्ते पर आकर फैल रहा है। निकासी नहीं होने से पानी एक जगह ही भरा हुआ है। लोगों को भी मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर जाना पड़ रहा है। गंदा पानी महीनों से भरा होने के कारण बीमारियों का प्रकोप बढने लगा है।

उल्लेखनीय है कि अनुराग वर्मा ने इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार अफसरों को अवगत कराया है। यह तक की जनपद डीएम को भी

नाली निर्माण को लेकर ज्ञापन दिया और पूर्व में रहे सांसद और विधायक व जिला पंचायत सदस्य को मौखिक रूप से समस्या बताई है। उसके बावजूद उनकी समस्या की तरफ किसी ने आज तक ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा है।ग्राम पंचायत व अफसर हर बार बजट नहीं होने की बात कहते हुए लोगों को टाल देते हैं। समस्या दूर नहीं होते देख अब लोग मायूस नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि कोई उनकी परेशानी को देखने व सुनने वाल नहीं है। उल्लेखनीय है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि भी वोट लेने तो आते हैं। लेकिन चुनाव होने के बाद लोगों को क्या परेशानी है और उसे कैसे दूर किया जाएं इसकी जानकारी लेने तक नहीं आते हैं। इसी तरह की स्थिति इस त्रिलोचन महादेव बाजार की भी बनी हुई है। इससे उनके साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।खास बात यह है कि जिस रास्ते पर गंदा पानी भरा हुआ है।उसी से दुर दराज के लोग प्राचीन व ऐतिहासिक त्रिलोचन महादेव मंदिर आना जाना होता है। इसके बाद भी अफसर, जनप्रतिनिधि लापरवाही दिखाने में लगे हैं। आए दिन बाजार वासी पानी गिराने को लेकर आपस में लड़ते झगड़ते रहते हैं।एक बार पुनः जफराबाद विधायक जगदीश राय के आश्वासन देने के बाद बाजार वासियों में नाली बनने की उम्मीद दिख रही है।

इस अवसर पर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष गनेश चौहान, दीपक दुबे, चंद्रेज दुबे, रामपत यादव, चन्दन सेठ, गोपाल साहू, विनोद अग्रहरी, डब्लू अग्रहरी, राजन अग्रहरी, संतोष अग्रहरी, संतोष यादव, अनंत रस्तोगी, गुलाब अग्रहरी, रमेश साहू, संजीव सेठ, लक्ष्मी नारायण राजभर, सुदर्शन मिश्रा, काले अग्रहरी, गोलू अग्रहरी, कुन्दन जायसवाल, रवि अग्रहरी, रवि राजभर समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

रोजगार और सतत विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है बजटः डॉ .आलोक गुप्ता

केंद्रीय बजट 2025 पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में केंद्रीय बजट 2025 पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन

किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बजट के प्रमुख प्रावधानों का विश्लेषण करना और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभावों को समझना था। कार्यक्रम में वित्तीय विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों ने भाग लिया और बजट से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की। विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक गुप्ता ने बजट में वित्तीय नीतियों, कर सुधारों और बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में आवंटित राशि का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह बजट देश की आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में वित्तीय अध्ययन विभाग के प्राध्यापक डॉ.अबू सालेह ने बजट की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा, यह केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के आर्थिक विकास का खाका होता है। छात्रों के लिए यह जरूरी है कि वे बजट को समझें और इसके व्यापक प्रभावों का मूल्यांकन करें। कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापक मनोज त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने बजट के प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि यह बजट आर्थिक सुधारों को गति देगा और विभिन्न क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करेगा। चर्चा के दौरान बेरोजगारी, स्टार्टअप को मिलने वाली रियायतें और नई आर्थिक योजनाओं पर भी बात की गई। छात्रों ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय भागीदारी दिखाई और बजट निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक के विभिन्न पहलुओं पर सवाल किए। यह सत्र उनके लिए व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने का एक बेहतरीन अवसर साबित हुआ। प्राध्यापक यशी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर गंगा सागर, शिवम राजिक, आशीष सिंह, तूबा रहमान, आंचल विश्वकर्मा, जय कुमार, अमित तिवारी, रिंसु सिंह, सूर्यबली समेत कई

इमाम हुसैन अ.स. के जन्मोत्सव पर सबील का किया गया आयोजन

शब्बीर हैदर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)।इमाम हुसैन अ स और हजरत अब्बास अ.स. के जन्मदिवस पर लगातार वर्ष 2015 से सिपाह चौराहे पर सबील का आयोजन किया जा रहा है। सबील की शुरूआत नज्रे मौला से डॉ.सैयद कमर अब्बास ने किया जिसमें नजमी, डॉ हैदर अब्बास साहब, डॉ.आदित्या सिंह, शहंशाह हुसैन, इश्तियाक साहब, इशरत अली राही साहब, राशिद हसनैन, समर रजा साहब, आले हसन साहब, मुकेश साहब, बादशाह साहब, शमीम साहब,

सलमान मिर्जा व मोहल्ले के सभी मोमिनीन व ओहदेदारान मौजूद रहे।

डॉ.कमर अब्बास ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि आज का कार्यक्रम इमाम हुसैन अ स का जन्मदिवस पर मनाया जाता है जन्हें पूरी दुनिया जानती है उनका जन्म मदीने में हुआ था। उन्होंने उस वक़्त धर्म को बचाने के लिये मानौता को और दीन को बचाने के लिए अपने 72 साथियों के साथ निकले थे। जिसमें बूढ़े जवान, यहां तक कि 6 माह का बच्चा भी था जिसे शहिद कर दिया गया था सारि कुर्बानिया दे कर के हुसैन ने कयामत तक के लिए मानौता को बचा लिया था यही वजह से हर धर्म के लोग किसी को भी पूजते हो लेकिन इमाम हुसैन को भी पूजते है। प्रोग्राम के संस्थापक मजहर हैदर ने बताया के ये सालाना प्रोग्राम वर्ष 2015 से लगातार इसी तरह बिना किसी भेदभाव के सभी धर्मों के लिए लगातार होता आ रहा है।जिसमें उनके सहयोगी मुनव्वर अली, इरफान आजमी, हैदर आजमी, शारीफ, वामिक अंसारी, इकराम हसनैन, रजा हुसैन हैदर, हैदर अली शिराजी, हैदर अली आशु, साहब बावर्ची, राजा, अफजल, मौजूद रहे।

अस्पताल में डॉक्टर ने किशोरी को किया बैड टच

एक मिनट के लिए बिजली हुई गुल, रोते हुए इमरजेंसी वार्ड से बाहर आई किशोरी

मिजार्पुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के कछवां क्रिश्चियन हॉस्पिटल में डॉक्टर ने किशोरी के साथ अश्लील हरकत की। चेकअप के दौरान उसके प्राइवेट पार्ट को टच किया। मामला शनिवार रात करीब 9 बजे का है। घटना उस समय हुई जब इमरजेंसी कक्ष में अचानक एक मिनट के लिए बिजली गुल हो गई। इमरजेंसी कक्ष से बाहर आते ही किशोरी रोने लगी और उसने डॉक्टर पर छेड़खानी का आरोप लगाया। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता के परिजन अस्पताल पहुंचे और आरोपी डॉक्टर की पिटाई कर दी। पीड़िता के पिता होमगार्ड हैं। परिवार भैंसा क्षेत्र का रहने वाला है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने कछवां पुलिस थाने में शिकायत की है। पुलिस जांच कर रही है। पिता ने बताया मेरी बेटी के सीने में दर्द हो रहा था। हम उसे

अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर आया और मेरी बेटी को चेक करने लगा। 2 से 3 मिनट तक चेक किया। इसके बाद उसने अश्लील हरकत शुरू कर दी। मेरी बेटी के प्राइवेट पार्ट को टच करने लगा। बेटी चिल्लाई। हम लोगों को रोते हुए पूरी बात बताई। किशोरी की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ले गए। पीड़िता के पिता ने पुलिस थाने में आकर अगले दिन औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की बात कही। बाद में चार वाहनों में सवार होकर परिजन थाने पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मात्र कागजों पर बन रहा पाराकमाल गांव में स्वास्थ्य विभाग का सब-सेंटर

अधर में लटका लाखों की लागत के सब-सेन्टर पर स्थानीय लोगों का कब्जा

अजीम सिद्दीकी

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त बनाने की मंशा से सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहगंज सोंधी क्षेत्र के पाराकमाल गाँव में लाखों की लागत से स्वास्थ्य विभाग के एक सब-सेंटर का निर्माण हो रहा है जिसको ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया जिस पर ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर रखा है। इस स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य करीब दो वर्ष पहले शुरू हुआ था जो अभी भी पूरा नहीं हो सका है। सिर्फ आधा-अधूरा भवन खड़ा है। मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं में से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं एक बेहतर स्वास्थ्य सेवा है।जिससे भारी संख्या में ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ देना प्राथमिकता है।लेकिन ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण सरकार की इस सेवाओं से वंचित हैं। स्थानीय लोगों ने विभाग के जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया है कि शीघ्र ही काम पूरा कराया जाएं ताकि जिस उम्मीद के साथ सरकार स्वास्थ्य योजनाओं को लागू करना चाह रही है।उसका लाभ

ग्रामीणों को मिल सके। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीणों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए कोसो दूर अस्पताल जाना न पड़े, और समय रहते लोगों को उचित इलाज मिल सके। ग्रामीणों ने सरकार और जिम्मेदारों से अपील की है कि जल्द से जल्द इस मामले को संज्ञान में लेकर अधूरे पड़े सब सेन्टर के निर्माण कार्य को पूरा कराकर स्वास्थ्य सेवाओं को चालू कराया जाए।जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सके योजनाएं कागज से धरातल पर उतर सकें जिससे ग्रामीणों को समय से उपचार मिल सके।

कांदिवली में लोक कल्याण कार्यालय के उद्घाटन में पहुँचे पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी

मुंबई(उत्तरशक्ति)। केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल के लोक कल्याण कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कांदिवली के एस. वी. रोड पर बाला सिन्नोर स्थित इस जनसंपर्क कार्यालय के उद्घाटन समारोह में उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजन में जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक , कौशल व रोजगार उद्योजकता मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, भाजपा मुम्बई अध्यक्ष एड. आशीष शेलार, विधानपरिषद में भाजपा गट नेता विधायक प्रवीण दरेकर, विधायक योगेश सागर, विधायक मनिषाताई चौधरी,पूर्व विधायक विजय (भाई) गिरकर, उत्तर मुम्बई भाजपा जिलाध्यक्ष गणेश खणकर सहित अनेक पदाधिकारी, जन-प्रतिनिधि , पूर्व नगरसेवक तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, तीन की मौत

झांसी(उत्तरशक्ति)। झांसी के मऊरानीपुर कस्बे में छतरपुर रोड पर सुखनई नदी पर बने पुल पर अनियंत्रित ट्रक बाइक पर चढ़ गया। इससे ट्रक के पहिये में फंसकर बाइक 20 मीटर तक घिसटती चली गई। मौके पर ही बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। तीसरे युवक ने सीएचसी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ट्रक पुलिस के कब्जे में है। चालक गिरफ्तार है। मृतकों के परिजन को सूचना दी गई है। हमीरपुर जनपद के राठ थाने के ग्राम बेगाय के धर्मेंद्र (36) पुत्र हरीदयाल श्रीवास और अंकित (19) पुत्र संतोष श्रीवास मोटर साइकिल से रिश्तेदारी में ग्राम रावतपुरा, टेहरका मध्य प्रदेश गए थे। यहां से अपने साथ सोनू (18) पुत्र गुलाब श्रीवास निवासी रावतपुरा को साथ लेकर ग्राम चुरारा रिश्तेदारी में पहुंचे। यहां से तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर हमीरपुर के गांव बेगाय जा रहे थे। अभी वे सुखनई नदी के पुल के ऊपर से जा रहे थे कि सामने से आए बेकाबू ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। ट्रक का पहिया चढ़ने से धर्मेंद्र और अंकित के सिर पूरी तरह कुचल गए। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। सोनू की सीएचसी में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

घर से भागकर प्रेमी के संग युवती ने रचाई शादी

हमीरपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से एक प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है जहां पर एक युवती प्रेमी के चक्कर में इस कदर पालग हो गई गई कि वह अपने पिता का घर छोड़ी प्रेमी के घर पहुंच गई। उसके बाद मंदिर में दोनो ने शादी रचा ली। आप को बता दें कि जनपद के गुलाब नगर में रहने वाली निशा पुत्री बालकिशन अहिरवार का नगर के ही मुहल्ला भटियाना निवासी अनिल अनुरागी पुत्र मूलचंद अनुरागी से लगभग 2 वर्ष पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनो आपस में शादी करना चाहते थे, दोनों संग जीने मरने की कसम खा ली थी। इस प्रेम प्रसंग की जानकारी प्रेमिका के परिजनों को हो गई इस पर वह उसे अपने साथ दिल्ली लेकर चले गये। जहां से प्रेमिका दो बार भाग कर अपने प्रेमी के पास आ गई और उससे शादी का प्रस्ताव रखा। लेकिन किसी तरह प्रेमी के परिजनों ने समझा बूझकर उसे वापस कर दिया। तीसरी बार बीती शुक्रवार की शाम प्रेमिका दिल्ली से अपने प्रेमी के यहां आ गई और उससे विवाह का दबाव बनाया। जिस पर नगर की चौपरा मंदिर स्थित हरि दर्शन मंदिर में दोनों ने आम लोगों के सम्मुख ईश्वर को साक्षी एक दूसरे के गले में वरमाला डाल प्रेम विवाह किया। इस दौरान प्रेमी ने पूरी विधि विधान से अपनी प्रेमिका को मंगलसूत्र पहना उसकी मांग भर अपने वैवाहिक जीवन की शुरूआत की।

ब्रेकर पर बेकाबू हुई बाइक गड्ढे में गिरी, चालक की मौत

मऊ (उत्तरशक्ति)। हलधरपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा कुड़सर गांव के पास रविवार की दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक गड्ढे में जा गिरी। हादसे में बाइक चला रहा युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि सवार दो युवक अन्य घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल भर्ती कराया। मृतक की पहचान घोसी थाना क्षेत्र के सेमरी जमालपुर निवासी मोहन राजभर 24 पुत्र मनोज राजभर के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर वह अपने साथी सोनू राजभर के साथ एक छोटा बच्चे के साथ बाइक से रतनपुरा आया हुआ था।वापस तीनों जा रहे थे कि अभी वह रतनपुरा-कुड़सर मार्ग के पास पहुंचे थे कि ब्रेकर के चलते बाइक अनियंत्रित हो गई, जहां वह सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी। हादसे के समय हेलमेट न पहने होने के चलते मोहन राजभर के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं सवार सोनू राजभर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को रतनपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। वहीं हादसे में सवार तीसरा बच्चा पूरी तरह से सुरक्षित बच गया।

श्रद्धालुओं से अधिक किराया वसूलने में 22 वाहन सीज

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। महाकुंभ पलट प्रवाह के बीच श्रद्धालुओं से मनमाना किराया वसूली मामले में परिवहन और पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर 22 वाहनों को सीज और 35 का चालान किया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्याम लाल ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में सवारियों से अधिक किराया वसूलने और वाहनों में अन्य कमियां पाए जाने के दौरान 22 वाहनों को बंद किया गया। वहीं, नियमों का उल्लघंन करने में 35 वाहनों का चालान किया गया।ऑटो, ई-रिक्शा चालकों को हिदायत दी गई कि अधिक किराया न वसूले। निर्धारित किराया से अधिक किराया वसूलने पर वाहन के परमिट निरस्त और लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। वाराणसी ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष भगवान सिंह ने कहा कि सभी ऑटो चालकों से अपील किया गया है कि निर्धारित किराया ही यात्रियों से लें।

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा कार्यकताओं का जन सैलाब

जनसेवक गोपाल शेट्टी के जन्मदिन पर राम नाईक, पीयूष गोयल, मंगलप्रभात लोढ़ा व अन्य जन-प्रतिनिधियों ने किया उन्हें सम्मानित

कांदिवली, मुंबई। उत्तर मुम्बई भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन कांदिवली के रघुलीला मॉल स्थित लोटस बैंक्वेट में किया गया।इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद जनसेवक गोपाल शेट्टी, केंद्रीय मंत्री व सांसद पीयूष गोयल, मुम्बई भाजपा अध्यक्ष एड. आशीष शेलार, उप पालक मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, विधायक प्रवीण दरेकर, दहिसर की विधायक मनिषा ताई चौधरी, चारकोप के विधायक योगेश सागर ,भाई गिरकर तथा विनोद शेलार सहित अनेक जन प्रतिनिधि, जिला, मंडल तथा वार्ड के सभी पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर जनसेवक गोपाल शेट्टी ने अपने विचार प्रकट करते हुए भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार प्रकट किया और सबसे एक जुट रहते हुए पार्टी को मजबूत करने तथा समाज और नागरिकों के हित में समर्पित रूप से कार्य करते रहने की अपील की। आयोजन के दौरान 1000 से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाने वाले भाजपा कार्यकताओं को सम्मानित किया गया । आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न राजनैतिक दलों से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाजपा में प्रवेश किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री रहे वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. वेदप्रकाश गोयल के महान व्यक्तित्व और कृतित्व को इंगित करता एक वृत्त चित्र (डाक्यूमेंट्री) का प्रदर्शन आज के आयोजन का विशेष गौरवशाली आकर्षण रहा। जनसेवक गोपाल शेट्टी ने उनका स्मरण करते हुए कहा कि उनकी ही देन और आदरणीय राम नाईक जी का विश्वास और सहयोग है कि राजनीति के क्षेत्र में मैं टिका रहा और उच्च मकाम तक पहुंचा। सम्पूर्ण कार्यक्रम का उत्कृष्ट और सारगर्भित संचालन उत्तर मुम्बई भाजपा के अध्यक्ष गणेश खणकर ने किया।

प्रजापति सेवा संघ मुंबई जरूरतमंद लोगों को किया आर्थिक सहयोग

मुंबई। प्रजापति सेवा संघ मुंबई रजिस्टर टीम ने पुनः समाज के लोगों को मदद के लिए हाथ बढ़ाया हैं, और एक ही महीने में दो जरूरत मंद लोगों की मदद किया। आगे भी ऐसा ही मदद करता रहेगा। प्रजापति सेवा संघ मुंबई समाज के लोगो के लिये समर्पित है। टीम के लोगों के सहयोग से आज अजय लल्लन प्रजापति (काश्मीरा मिरा रोड मुंबई जौनपुर) को मेडिकल सहयोग राशि 20 हजार रुपये का प्रदान किया गया। जिसमें बहुत लोग नें मेडिकल सहयोग राशि डायरेक्ट उनके अकाउंट में भी ट्रांसफर किया। साथ ही साथ प्राइम फोकस खार में काम करने वाले कर्मचारी लोगों ने भी मेडिकल सहयोग में मदद किये। प्रजापति सेवा संघ मुंबई (रजि.) परिवार की तरफ से सभी सहयोग करने वाले लोगों का आभार प्रकट करता हैं। एक महीने में प्रजापति सेवा संघ मुंबई टीम ने दो जरुरत मंद लोग को मदद किया। जिसमें श्याम लाल प्रजापति गोरेगाँव , अजय लल्लन प्रजापति कश्मीरा मीरा रोड शामिल हैं।

न्यू टारगेट क्लब कटरा कला द्वारा लिखित एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन

पटना(उत्तरशक्ति)। न्यू टारगेट क्लब कटरा कला द्वारा लगातार तीसरा साल लिखित एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सप्तम अष्टम वर्ग से करीब 80 विद्यार्थी तथा नवम एवं दशम वर्ग से लगभग 65 विद्यार्थी ने भाग लिया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें 50 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को साधारण शिक्षा से हटकर प्रतियोगी शिक्षा के तरफ बढ़ावा देना एवं कम संसाधन में और कम खर्चे में सफल शिक्षकों द्वारा एवं जॉब होल्डर के माध्यम से तैयारी कराना। यह परीक्षा न्यू टारगेट क्लब एजुकेशन कमिटी के मुख्य सदस्य अशरफ अंसारी एवं खुर्शीद अंसारी के द्वारा संपन्न किया गया। वही खेल प्रतियोगिता गांव के ही शारीरिक शिक्षक विक्की गुप्ता के देखरेख में संपन्न हुई। शारीरिक शिक्षक विक्की गुप्ता का कहना है कि आजकल के सोशल मीडिया, इंटरनेट, मोबाइल,और टीवी से बच्चे चिपके रहते हैं जिसके वजह से उनका शारीरिक विकास अच्छे से नहीं हो पता है इन बच्चों को इससे बाहर निकालने के लिए आउटडोर गेम बहुत जरूरी है जिसमें बच्चों को दौड़ प्रतियोगिता कप एवं बैलून एकाग्रता खेल के अलावा दौड़ते हुए गणित को हल करना शामिल था। पटना से आए हुए मेदांता हॉस्पिटल के सीनियर स्पोर्ट्स फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर संदीप कुमार ने बच्चे एवं बच्चियों को स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक व्यायाम और जॉइंट को मजबूत करने के लिए स्ट्रैंथनिंग एंड कंडीशनिंग एक्सरसाइज बताएं जिससे बच्चों का शारीरिक गतिविधि सुचारू रूप से हो सके। क्लब के उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल एवं सचिव आनंद गुप्ता ने बताया कि परीक्षा में अव्वल आए छात्र एवं छात्राओं को सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी मोहनिया हम प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहनिया द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर चंदन कुमार, पंकज कुमार, धर्मेंद्र पाल, उज्जवल श्रीवास्तव, शक्तिमान कुमार, राजेश शाह, सोनू कुमार, अमित गुप्ता, संतोष गुप्ता इत्यादि लोग मौजूद रहे।

बिजली विभाग के 55 साल की उम्र पूरी करने वाले संविदा कर्मचारी सेवा से बाहर किए गए

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। मध्यांचल निगम ने गत शनिवार को आदेश जारी किया कि 55 साल की उम्र पूरी कर चुके कुशल एवं अकुशल संविदा कर्मियों से बिजली लाइन का काम न लिया जाए। इस आदेश पर रविवार को ही अमल हो गया और अनुमानित 1200 संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त हो गई। संविदा यूनियन के मुताबिक इनमें 1000 कर्मी मध्यांचल निगम के रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, अमेठी, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत जिलों में एवं 200 लखनऊ में कार्यरत हैं। बिजलीघरों पर काम करने वाले ऐसे 55 साल के संविदा कर्मियों की हाजिरी जिम्मेदार जूनियर इंजीनियर ने सेवा प्रदाता कंपनी को नहीं भेजी है। यानी यह सभी संविदा कर्मी सेवा से बाहर हो गए हैं। 55 साल की उम्र पूरी करने वाले जो संविदा कर्मचारी सेवा से बाहर किए गए हैं, उनमें से 50 फीसदी तो ईपीएफ खाते से पेंशन भी नहीं पाएंगे। वर्ष 2000 से बिजली विभाग में संविदा कर्मियों के नियुक्त करने का सिलसिला शुरू हुआ। 18 साल तक नौकरी करने वालों के वेतन से कोई भी ईपीएफ नहीं काटा गया। वर्ष 2019 से ईपीएफ जमा होने का सिलसिला शुरू हुआ। जिन कर्मियों का 48 साल की उम्र पर ईपीएफ कटना शुरू हुआ वो पेंशन नहीं पाएंगे। दरअसल, उनका 10 साल ईपीएफ जमा नहीं हो सका। लखनऊ के बिजलीघरों पर 55 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे 150 विभागीय नियमित कर्मचारी हैं, जो अपने पद के अनुरूप काम किए बिना ही वेतन ले रहे हैं। इनमें पेट्रोलमैन, लाइनमैन आदि हैं। यह लाइनमैन सीढ़ी पर चढ़ नहीं पाते तो संविदा कर्मी उपभोक्ता की शिकायतों का निराकरण करते हैं। संरक्षण में ऐसे पेट्रोलमैन एवं लाइनमैन दूसरे कार्य कनेक्शन की जांच आदि कर-के नौकरी चला रहे हैं। जबकि ऐसे कर्मी 60 से 70 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन लेते। जबकि संविदा कर्मी 10 से 11 हजार रुपये में अपनी जान खतरे में डालते हुए काम करते हैं। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव देवेंद्र कुमार पांडेय ने 55 साल के संविदा कर्मियों को लेकर निगम के एमडी भवानी सिंह से अपील की है। कहा है कि जो संविदा कर्मी 55 साल के हो चुके उनसे लाइन का काम लेने के बजाय दूसरी जिम्मेदारी सौंप दी जाए। यह कर्मी प्रतिमाह बिल वसूलने का काम कर सकते हैं।

हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार महाकुंभ प्रशासन,संगम क्षेत्र में वाहनों की एंट्री पर रोक

योगी की दो टूक, हर वक्त अलर्ट मूड में रहे सभी महाकुंभ संबधित अफसर

सुरेश गांधी

महाकुंभनगर। प्रयागराज में महाकुंभ का 21वां दिन है. श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। 3 फरवरी को तीसरे अमृत स्नान के लिए प्रयागराज में भक्तों की संख्या बढ़ने लगी है. रविवार को खबर लिखे जाने तक 1.29 करोड़ श्रद्धालु संगम में डूबकी लगा चुके है। जबकि संगम में अब तक डूबकी लगाने वालों की संख्या 34.90 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसको देखते हुए सरकार और मेला तंत्र सक्रिय है. महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान सोमवार को है। इसे एक तरफ सभी अखाड़ों ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है, तो दुसरी तरफ प्रशासन भी हर स्थिति-परिस्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रुप दे दिया है। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने भी अपनी दो टूक में महाकुंभ से जुडे समस्त अफसरों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे हर वक्त अलर्ट मूड में रहे। व्यवस्थाओं को जीरो एरर रखे। इस कार्य में किसी भी दशा में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

मेले की तैयारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि संगम क्षेत्र में 200 से अधिक ट्रेनी आईपीएस अधिकारियों ने क्राउड मैनेजमेंट की ट्रेनिंग ली है. उन्होंने पूरे मेला क्षेत्र का दौरा किया और व्यवस्था को समझा. अब ये सभी मेला क्षेत्र में मुस्तैद रहेंगें। 1200 से अधिक मेडिकल फोर्स महाकुम्भनगर में पूरी तरह से तैयार हैं। जो पलक झपकते ही श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हाजिर होंगे। इसके अलावा मेले में ही पूरी मेडिकल फोर्स मुस्तैद रहेगी, जो 06 फरवरी के बाद ही यहां से जाएंगे। जरूरत के हिसाब से बैकअप प्लान भी तैयार कर लिया गया है। बता दें, मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है. पोंटून पुलों पर जाली लगाई गयी है और वन-वे सिस्टम लागू किया गया है. अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. तमाम एहतियात बरते जा रहे हैं ताकि किसी तरह की लापरवाही ना हो. सीएम ने कहा है बसंत पंचमी के अवसर पर पूज्य अखाड़ों की पारंपरिक शोभायात्रा धूमधाम से निकलेगी, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जाएं. पूज्य संतगण हों, कल्पवासी हों, देश भर से आए श्रद्धालु हों या देसी-विदेशी पर्यटक, हर एक की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए. शोभायात्रा का रूट और समय हो या सामान्य स्नानार्थियों के आवागमन का मार्ग, हर बिंदु पर पुख्ता कार्ययोजना होनी चाहिए. किसी भी स्तर पर चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए.जिन सेक्टर्स में कतिपय समस्याएं हैं, वहां सीनियर अधिकारी स्वयं विजिट करें. टीम लीडर अच्छा होना चाहिए. विपरीत परिस्थितियों में भी चुनौतियों का सामना करने की आदत डालें. यदि आवश्यक हो तो पुलिस की काउंसिलिंग करें, लेकिन पब्लिक के साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए. फोर्स को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे पास फोर्स की कोई कमी नहीं है. मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ को लेकर लोगों में उल्लास है. बहुत दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। गांव-गांव से लोग आ रहे हैं। महाकुम्भनगर। पूरे प्रयागराज मंडल के डॉक्टरों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है। व्यापक स्वास्थ्य इंतजाम और पर्याप्त मेडिकल फोर्स श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए पूरी तरह तैयार है। इनमें 100 बेड का एक अत्याधुनिक सेंट्रल हॉस्पिटल, 25 बेड के दो सब-सेंट्रल हॉस्पिटल, 20 बेड के आठ सेक्टर हॉस्पिटल और 20 बेड के ही दो संक्रामक रोग हॉस्पिटल भी शामिल हैं। साथ में एक बेड के 10 फर्स्ट एड पोस्ट भी सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाकुम्भनगर के साथ ही शहर व मंडल के सभी डॉक्टर सजग रहेंगे। इसके अलावा स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल और तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय को भी पूरी सजगता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में 500 स्टाफ को अलर्ट मोड में रखा गया है। पहले के अधिकतर मरीज यहां से डिस्चार्ज किए जा चुके हैं और डेढ़ सौ बेड रिजर्व रख लिए गए हैं। एसआरएन में 60 रेजिडेंट डॉक्टरों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है और यहां 30 सीटी स्कैन मशीनें पूरी तरह तैयार हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर एमआरआई, अल्ट्रासाउंड समेत सभी जांचें हो सकेंगी।इसी के साथ 200 यूनिट का ब्लड बैंक भी एसआरएन में तैयार कर लिया गया है। यहां श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध इंतजामों को अलार्म सिस्टम से भी जोड़ गया है। रोडवेज ने भी श्रद्धालुओं को वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए कमर कस ली है। अलग से आरक्षित बसों के अलावा कनेक्टिंग सेवा के लिए शटल बसों का बेड़ा भी तैयार है।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 लोगों की मौत

झांसी (उत्तरशक्ति)। झांसी जिले में मऊरानीपुर के निकट रविवार दोपहर एक ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी-ग्रामीण) गोपीनाथ सोनी ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार तीन लोग आज दिन में करीब 12 बजे मऊरानीपुर से राठ की ओर जा रहे थे, तभी खजुराहो रोड पर बड़ागांव तिराहे के पास उनकी मोटरसाइकिल एक ट्रक की चपेट में आ गई। सोनी ने बताया कि इस हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि एक अन्य की उपचार के दौरान चिकित्सालय में मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान राठ क्षेत्र निवासी धर्मेंद्र श्रीवास (36), उनके भतीजे अंकित (18) एवं भांजे सोनू (17) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में धर्मेंद्र एवं अंकित की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि सोनू को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। एसपी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

अनियंत्रित कार लोगों को रौंदती हुई दुकान में घुसी,इकलौते बेटे की मौत

भदोही(उत्तरशक्ति)। भदोही कोतवाली क्षेत्र के सरोई बाजार में रविवार की सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार से आ रही दो कार अनियंत्रित होकर एक दुकान में घुस गई। इससे दुकान में बैठा बीटेक का छात्र शिवम गुप्ता (19) निवासी सरोई गंभीर रूप से घायल हो गया। निजी अस्पताल में ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कार में सवार छह अन्य लोग घायल हो गए। घटना से करीब एक घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोई निवासी ओम प्रकाश गुप्ता की बाजार में किराना की दुकान है। रविवार की सुबह उसका बेटा शिवम दुकान खोलकर प्रतिदिन की तरह बैठ गया। इसी दौरान भदोही से औराई की तरफ जा रही दो कार दुकान एवं पास के मकान में घुस गईं। सिर और सीने में अधिक चोट लगने से शिवम गुप्ता की मौत हो गई। वह मिजार्पुर के एक कॉलेज में बीटेक का छात्र था। शिवम अपने माता-पिता का इकलौता लड़का था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। वहीं, दूसरी ओर कार में सवार दुलमदासपुर निवासी रेहान अंसारी (21), बाबी (20), इरफान (19), टाइप (18) घायल हो गए। सभी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें रेहान के दोनों पैर टूट गए हैं। दूसरे चार पहिया में सवार जम्मू कश्मीर निवासी आशिया (38) और मुफ्ती सवाद (41) घायल हो गए। दोनों जम्मू कश्मीर बैंक के कर्मचारी हैं। खबर मिलने पर क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार मिश्रा, कोतवाल अश्वनी कुमार त्रिपाठी और राजपुरा चौकी प्रभारी बृजेश राय मय फोर्स मौके पर पहुंचे। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जेसीबी से दोनों कार को थाने लेकर गए।

विश्वकर्मा मंदिर के स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

गया(उत्तरशक्ति)। रविवार को गुरुआ प्रखंड के भूरहा में ऐतिहासिक विश्वकर्मा मंदिर के स्थापना दिवस पर भारतीय विश्वकर्मा महासंघ द्वारा प्रीति भोज सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरिजा शर्मा, एवं विद्याभूषण शर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोगों की राजनीति में भागीदारी नगण्य है। यही वजह है कि विश्वकर्मा समाज का उत्थान नहीं हो पाया है। आज भी विश्वकर्मा समाज के लोग पिछड़े हुए हैं। समाज के उत्थान के लिए शिक्षा पर महत्व देते हुए विश्वकर्मा समाज को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित होने की जरूरत है। मुकुल आनंद ने कहा कि आगामी 2025 अप्रैल माह के पहले सप्ताह में गांधी मैदान में विश्वकर्मा महारैली का सफल आयोजन हो सके इस पर सभी लोगों के विचार विमर्श करने के की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में अतिपिछड़ा समाज एकजुट होकर अपनी एकता का परिचय देगा। मुकुल आनंद ने कहा कि विश्वकर्मा वंशजों को साजिश के तहत शोषण किया जा रहा है क्योंकि शासन में बैठे लोग हमारे समाज को कमजोर समझते हैं इस मानसिकता को दूर करने के लिए मैंने भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के बैनर तले संगठित ढांचा तैयार कर वृहद आंदोलन करने का निर्णय लिया है। अप्रैल 2025 में लाखों लोगों की भीड़ गांधी मैदान में इकट्ठी की जाएगी ताकि ये बहरी और अंधी सरकार अतिपिछड़ा के हक और अधिकार की बात को सुन सके। आज राजनीतिक रूप से, सामाजिक रूप से, आर्थिक रूप से ये समाज अंतिम पायदान पर है। इसीलिए सिर्फ उन्हें अब एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज अब चुप नहीं बैठेगा बल्कि अब सत्ता कि लड़ाई लड़ेगा। इसलिए पूरे बिहार के विश्वकर्मा बंधुओं व अतिपिछड़ा भाइयों से आग्रह है की आगामी अप्रैल माह में गाँधी मैदान में एकजुट हों। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिजा शर्मा ने कहा कि राजनीतिक भागीदारी के लिए विश्वकर्मा समाज को एकजुट होना पड़ेगा। समाज में एकजुटता और एकता लाना काफी जरूरी है।

हर्षपुर कोटवा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 8 से

-प्रेम चंद मिश्रा

प्रतापगढ़ (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश जनपद प्रतापगढ़, पोस्ट ग्राम हर्षपुर कोटवा में आयोजित श्री मद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन शनिवार 8 फरवरी 2025 को देवी पूजा, भव्य कलशयात्रा के साथ श्री गणेश किया जाएगा। मां बाराही देवी की असीम अनुकम्पा व पितरों की शुभ प्रेरणा, गुरुजनों की कृपा तथा आशीर्वाद से श्री गया। जगन्नाथ पुरी दर्शनोंपरांत पितरों के निमित्त संकल्पित आयोजन श्रीमती विद्या देवी एवं स्मृति शेष गंगाराम मिश्र मुख्य यजमान होंगे। श्री मदभागवत कथा समय दोपहर 2 बजे से 6 बजे शाम तक चलने वाले सप्त दिवसीय भागवत महापुराण के कथा व्यास भागवताचार्य परम पूज्य श्री शांतिधर त्रिपाठी जी महराज है। तो आचार्य के रूप में कुल गुरु पंडित बलदाऊ महाराज जी के सानिध्य में 8 फरवरी से 14 फरवरी तक बहने वाली का भागवती गंगा के प्रवाह का विश्राम 15 फरवरी 2025 महाप्रसाद भंडारा के साथ समस्त जन श्रोताओं की उपस्थिति में होगा। जगत कल्याण की भावना से लोकहितार्थ भागवत कथा का आयोजन किया गया है। सभी धर्मावलंबियों से निवेदन किया है कि इस कथा में पहुंचकर अपने जीवन को धन्य करें। यह आयोजन अनिल कुमार मिश्रा (पोस्ट मास्टर), सुनील कुमार मिश्र के तरफ से रखा गया है।

चन्दवक पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित आरोपियों को तमंचा व मोटरसाईकिल के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र चंदवक के अन्तर्गत कर्रा कालेज के पास गोली चलने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0 अ0सं0 15/2025 धारा 109(1)ब ीएनएस वादीनी अनिता सिंह पत्नी देवेन्द्र कुमार सिंह नि0 बोडसर खुर्द थाना चंदवक जौनपुर के द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर बनाम आयुष सिंह पुत्र अज्ञात निवासी विशुनपुर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर, बड़े सिंह पुत्र धर्मवीर, आर्यन सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासीगण ग्राम बोड़सर खुर्द थाना चन्दवक जौनपुर व उसके अन्य साथी नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक कायार्वाही करते हुये साक्ष्य संकलन व अन्य सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विवेचनोपरान्त नामजद अभियुक्तगणो के साथी अभियुक्त विशाल कुमार पुत्र प्रशान्त कुमार निवासी विहद्दर थाना चंदवक जौनपुर, अंशुमान सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी मंदूपुर थाना चंदवक जौनपुर, सुधांशु कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी विहद्दर थाना चंदवक जौनपुर का नाम प्रकाश मे आया। प्रकाश मे आये तीनो अभियुक्तो को हरिहरपुर वलुआ विजयीपुर मार्ग पर समय करीब 10.52 बजे 2 फरवरी 2025 को गिरफ्तार किया गया है। घटना मे प्रयुक्त तमंचा व बाहन बरामद कर लिया गया।

प्रोफेसर मिथिलेश कुमार त्रिपाठी हिन्दी सेवी सम्मान से सम्मानित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश को हिन्दी महाकुंभ 2025 हिन्दी सेवी सम्मान डॉ.धर्मप्रकाश वाजपेयी अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई हिंदी संस्थान, व प्रेरणाश्रोत प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा एवं रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजक प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी, संयोजक सशक्त हस्ताक्षर संस्थापक गणेश श्रीवास्तव, प्यासा जबलपुरी, स्वागताध्यक्ष मदन श्रीवास्तव जी वरिष्ठ साहित्यकार, प्रदीप मिश्र अजनबी दिल्ली,सीमा शर्मा मेरठ,जी. एल. जैन, अरविंद तिवारी, अम्लान गुहा नियोगी,प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, श्रीमती मीना भट्ट, श्रीमती सिद्धेश्वरी सराफ ' शीलू ' तरुणा खरे, बच्चन श्रीवास्तव, ऋषिराज रैकवार, पुरुषोत्तम भट्ट, अमर सिंह वर्मा, रश्मि पांडेय ' शुभि ,विवेक शैलार, सीमा तिवारी, ए. के. पांडेय, आशा झा सखी, काली दास ताम्रकार काली जबलपुरी, अनिल शुक्ला, विजय तिवारी किसलय, भावना दीक्षित आदि की सहभागिता रही।

बक्शा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना बक्शा पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष बक्शा के कुशल नेतृत्व में थाना बक्शा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 32/2025 धारा-65(1)/351(2)/352 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित दुष्कर्म का आरोपी अभियुक्त 1. विकास यादव पुत्र लालचन्द यादव ग्राम औंका थाना बक्सा जनपद जौनपुर उम्र 19 वर्ष को मुखबीर की सूचना पर आज दिनांक 02.02.2025 को समय 06.40 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया बसीरपुर गांव, दो लोगों को लगी गोली, घायल अस्पताल में भर्ती

-रियाजुल हक खान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जफराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत बशीरपुरा गांव में सर्वे के विवाद को लेकर फायरिंग की घटना सामने आई है। गोली लगने से दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। फिलहाल फायरिंग की सूचना पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन कर रहे हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वही इस मामले में एक अभियुक्त को वीआईपी ट्रीटमेंट मिलने का मामला भी सामने आ रही है । दरअसल, पुलिस ने गोली चलाने के एक आरोपी को भाजपा का झंडा लगे स्कॉर्पियो गाड़ी से भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए एसपी सिटी अरविंद वर्मा ने बताया कि बशीरपुर गांव में आवास के सर्वे के लिए सेक्रेटरी और प्रधान प्रतिनिधि गए हुए थे। इसी दौरान गांव के ही मनीष गौतम ने सर्वे को लेकर के कुछ आपत्ति दर्ज की। इसी बात को लेकर प्रधान प्रतिनिधि और उसके गुर्गे भड़क गए। देखते देखते विवाद इतना बढ़ गया कि प्रधान और उसके गुर्गो ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान मनीष और एक अन्य व्यक्ति को गोली लग गयी। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी। इस दौरान आरोप है कि पुलिस ने भीजेपी का झंडा लगे स्कार्पियो गाड़ी से एक आरोपी को थाने में भेज दिया. वही मनीष की मां गीता ने बताया कि सर्वे को लेकर के अधिकारी आया हुआ था. मनीष का कहना था कि इस बस्ती के लोगों को भी आवास मुहैया कराया जाए। इसी बात को लेकर वहां विवाद हो गया। फिलहाल, एसपी सिटी अरविंद वर्मा ने बताया कि मौके पर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। वहीं घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना में चार लोगों कि संलिप्तता सामने आयी है. एसपी सिटी ने बताया कि टीम लगाकर दबिश डाली जा रही है।

कर्ज के बोझ को कम कर वित्तीय मजबूती की ओर अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। कोरोना महामारी की वजह से प्रभावित वित्तीय सेहत को अब फिर से मजबूती देने में सरकार जुट गई है। फाइनेंशियल रिस्पांस्बिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट (एफआरबीएम) एक्ट के तहत सरकार अपने राजकोषीय घाटे को कम करने के साथ कुल कर्ज अनुपात में कमी के लिए प्रतिबद्ध दिख रही है। बजट में वित्त वर्ष 2030-31 तक कर्ज के अनुपात को जीडीपी के 51 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। चालू वित्त वर्ष में कर्ज का अनुपात 57.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि कर्ज का अनुपात जीडीपी की विकास दर पर भी निर्भर करेगा। अगर चालू मूल्य पर जीडीपी विकास दर अगले पांच साल में 11 प्रतिशत रहती है तो वित्त वर्ष 2030-31 में कर्ज का अनुपात जीडीपी के 48 प्रतिशत तक जा सकता है। कर्ज में कमी और राजस्व में बढ़ोतरी से राजकोषीय घाटे में भी लगातार कमी आएगी। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8 प्रतिशत तो आगामी वित्त वर्ष 2025-26 में यह 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अगले वित्त वर्ष में केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी के 56.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। बजट घोषणा के मुताबिक आगामी वित्त वर्ष में कुल टैक्स राजस्व 42.70 लाख करोड़ रहने का अनुमान है जो चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान के मुकाबले 10.8 प्रतिशत अधिक है। 42.7 लाख करोड़ में 25.20 लाख करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर से आने का अनुमान है। पीरामल इंटरप्राइजेज के मुख्य अर्थशास्त्री देबोपम चौधरी के मुताबिक बजट के राजकोषीय प्रबंधन से ऋण बाजारों को लाभ होना चाहिए। वित्त वर्ष 2026 में विकास दर 6.8 प्रतिशत या उससे कम रहने की उम्मीद है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। कोई भी अन्य बड़ी अर्थव्यवस्था कोरोना के बाद इस गति से राजकोषीय घाटे को कम करने में सक्षम नहीं रही है।

मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है-जेसीआई जौनपुर आज जेसीआई

जौनपुर (जौनपुर)। 2 दिन के प्रवास पर आए हुए जैन धर्म के साधु धमार्चार्य गुरुजनों का स्वागत करते हुए निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंप लगाकर लगभग 200 लोगों का परीक्षण कराया।गुजरात के अहमदाबाद से नंगे पांव लगभग 200 की संख्या में धार्मिक यात्रा पर निकले जैन धर्म के गुरुजनों का तिलकधारी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय प्रवास के दौरान जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वास्थ्य कैंप लगाकर स्वास्थ्य का जांच करते हुए निशुल्क दवा वितरण किया गया।बताना चाहेंगे कि गुजरात से प्रारंभ यह धार्मिक यात्रा लगभग 8 प्रदेशों में भ्रमण करते हुए 1500 किलोमीटर की यात्रा नंगे पांव करते हुए संपूर्ण रूप से 7 महीने में पूरा होना है इसी कड़ी में जौनपुर में आगमन हुआ था जिसमें जेसीआई के पदाधिकारी और पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस.के. सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर एम.एम.वर्मा,डॉ. प्रशांत द्विवेदी, डॉ. मिथिलेश श्रीवास्तव,डॉ.गौरव प्रकाश मौर्य जी का कार्यक्रम को संपन्न कराने में विशेष सहयोग रहा।सभी सम्मानित डॉक्टर ने संयुक्त रूप से सभी जैन धर्म के गुरुओं का स्वागत सत्कार करते हुए अपने आप को पुण्य के काम में सहयोग करने पर खुशी जाहिर किया।संस्था अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने इस पुनीत कार्य के लिए सभी डॉक्टर के साथ संस्था के पदाधिकारी को साधुवाद प्रेषित किया।निवर्तमान अध्यक्ष आशुतोष जायसवाल का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंप को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।संयोजक संतोष अग्रहरि ने सभी गुरुजनों का और उपस्थित सभी डॉक्टर एवं संस्था के पदाधिकारीयो का धन्यवाद किया। कैंप में कोषाध्यक्ष प्रशांत सिंह लकी, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह सोनू, उपस्थित रहे,संचालन सचिव सतीश जायसवाल ने किया।

मनरेगा दिवस पर विभिन्न मांगो को लेकर मनरेगा मजदूरो ने किया धरना प्रदर्शन प्रदर्शन

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद के राजातालाब में मनरेगा दिवस के अवसर पर संयोजक सुरेश राठौर के नेतृत्व में मनरेगा मजदूर यूनियन ने आराजी लाइन ब्लॉक मुख्यालय पर मनरेगा मजदूरों को काम तथा भुगतान, मजदूरी बढ़ाने के साथ-साथ स्वास्थ्य कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन सहित विभिन्न मांगों को लेकर मनरेगा मजदूर यूनियन के सैकड़ो मनरेगा मजदूरों ने रैली निकाल कर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह यादव तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर महेंद्र सिंह पटेल को मजदूरों ने अपनी मांग पत्र को सौपा। बीडीओ सुरेंद्र सिंह यादव तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर महेंद्र सिंह पटेल ने उक्त मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।इस दौरान मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि मजदूर परेशान है,मजदूरों की तरफ से लगातार काम की मांग किया जा रहा है लेकिन सरकारी कर्मचारियों की हिला हवाली के चलते काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ महंगाई बढ़ती जा रही है तो दूसरी तरफ मजदूरों की मजदूरी इस वर्ष मात्र 7 रुपया बढ़ाया गया है । उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरी में पर्याप्त वृद्धि सातवें वेतन आयोग के अनुसार निर्धारित न्यूनतम दैनिक मजदूरी 800/ रुपए लागू की जाए। वहीं माननीय उच्चतम न्यायलय के फैसलें के अनुसार एक समान काम का एक समान वेतन का नियम मनरेगा मजदूरों के लिये लागू किया जाए। 15 दिन के अंदर भुगतान नहीं होने पर वेतन अधिनियम 1936 के तहत मुआवजा दिया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से रेनू पटेल, अनिल मौर्य, पूजा, सरोज, मंगरा, सपना, अनिता, आशा, मुश्तफा, आराधना, कविता, सोनी, अंजनी, रामपत्ति, केवला, मनोरमा, प्रियंका, सुमन, चंदा, रामदुलारी, सुनैना, धर्मा, सुग्गी सहित सैकड़ो मजदूर शामिल रही।

अभिषेक शर्मा के बराबर भी रन नहीं बना पाया इंग्लैंड

आखिरी टी20 में फजीहत, भारत ने 150 रनों से जीता मैच

नई दिल्ली। अभिषेक शर्मा के तूफानी शतक और फिर गेंदबाजों के संयुक्त प्रदर्शन के दम पर भारत ने रविवाप को इंग्लैंड को पांचवें टी20 मैच में 150 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने ये सीरीज 4-1 से अपने नाम की। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 247 रन बनाए थे। इंग्लैंड इस स्कोर के सामने 97 रनों पर ही ढेर हो गई। ये भारत की टी20 में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। अभिषेक ने इस मैच में रिकॉर्डतोड़ पारी खेली और 135 रन बनाए। अपनी इस पारी में उन्होंने सात चौके और 13 छक्के मारे। उन्होंने अकेले ही इंग्लैंड के गेंदबाजों की खबर ली। वह टी20 इंटरनेशनल में तीसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। वहीं अभिषेक के नाम टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे बड़ा निजी स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड शुभमन गिल के नाम था। गिल ने अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी 2023 में 126 रन बनाए थे।

इंग्लैंड के पास वो फायर पावर है कि वह 248 रनों का टारगेट चेज कर सके, लेकिन मुंबई के वानखेड़े की विकेट उसके बल्लेबाजों को रास नहीं आई और वह एक के बाद एक विकेट खोते चले गए। तीसरे ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद शमी ने बेन डकेट (0) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। हालांकि, दूसरे छोर से फिल सॉल्ट तेजी से रन बना रहे थे, लेकिन पांचवें ओवर की पहली गेंद पर वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को आउट किया वैसे ही इंग्लैंड की पारी गिरती चली गई।

यहां से इंग्लैंड की टीम ने 10वें ओवर तक हर ओवर में विकेट खोया है। यहां तक आते-आते इंग्लैंड ने अपने आठ विकेट 90 रनों पर ही खो दिए थे। हैरी ब्रूक (2), लियम लिविंगस्टन (9), जैकब बेथल (10), बार्यडन कार्स (3), जेमी ओवरटन (1) पवेलियन लौट गए थे। सॉल्ट 23 गेंदों पर सात चौक और तीन छक्कों की मदद से 55 रन बना शिवम दुबे का शिकार बने। शमी ने 11वें ओवर में दो विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी का अंत कर दिया। भारत की तरफ से शमी ने तीन, वरुण, दुबे और अभिषेक ने दो-दो विकेट लिए रवि बिश्नोई को एक सफलता मिली। अभिषेक एक ही टी20 मैच में शतक जमाने वाले और विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

इंग्लैंड के कप्तान बटलर ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। संजू सैमसन पहली ही गेंद पर छक्का मारने के बाद अपनी पारी को ज्यादा आगे नहीं ले जा सके। मार्क वुड ने शॉर्ट गेंद पर फिर उनकी पारी का अंत कर दिया। उन्होंने सात गेंदों पर 16 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 24 रनों की पारी खेली। कप्तान सूर्यकुमार यादव फिर असफल रहे और दो रन ही बना सके। अभिषेक इस बीच लगातार इंग्लैंड के गेंदबाजों की कुटाई कर रहे थे। शिवम दुबे ने भी इसमें उनका साथ दिया। दुबे 13 गेंदों पर 30 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने तीन चौके और दो छक्के मारे। अंत में अक्षर पटेल ने 11 गेंदों पर 15 रन बना टीम को मजबूत किया। अभिषेक 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। उनकी ये रिकॉर्ड पारी ने भारत को मजबूत स्कोर दे दिया था जिसका गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया।

बलूचिस्तान में बड़ी मुठभेड़, पाकिस्तानी सेना ने 23 आतंकवादियों को मार गिराया, 18 जवानों की भी मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में स्वतंत्र राष्ट्र की मांग कर रहे बलूच विद्रोहियों के साथ मुठभेड़ में 18 सैनिक मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में बलूचों के खिलाफ अभियान चला रही है, उसी दौरान कलात जिले के मानगोचेर में हुई इस मुठभेड़ में 23 विद्रोही भी मारे गए। यह मुठभेड़ शुक्रवार-शनिवार की रात में हुई है। पाकिस्तानी सेना की टुकड़ी मानगोचेर में बलूचों द्वारा अपनी मांगों को लेकर रोके गए रास्ते को खुलवाने के लिए गई थी। उसी दौरान सेना द्वारा बल प्रयोग से हालात बिगड़ गए और दोनों पक्षों में गोलीबारी शुरू हो गई। सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बड़ी संख्या में हथियारबंद लोगों की मौजूदगी को देखते हुए मौके पर सेना और अन्य एजेंसियों की अतिरिक्त टुकड़ियां भेजी गईं। उनकी संयुक्त कार्रवाई से हालात पर काबू पा लिया गया है और मार्ग पर आवागमन शुरू हो गया है। इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं और अशांति पैदा करने वालों की धरपकड़ चल रही है। यह मुठभेड़ विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों द्वारा 10 विद्रोहियों के मारे जाने के बाद 24 घंटे से भी कम समय में हुई है। पाकिस्तानी सेना इन दिनों तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, बलूच लिबरेशन आर्मी और कुछ अन्य उग्रवादी संगठनों के खिलाफ देश भर में अभियान चला रही है। इसी दौरान मानगोचेर में मुठभेड़ हुई। विदित हो कि 2024 में उग्रवादियों के हमलों में पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के कुल 685 जवानों की मौत हुई है।

जेटी बैरिकेडिंग में लगी आग, गंगा स्नान कर रहे लोगों में मची अफरातफरी

ब्रजघाट। गंगानगरी ब्रजघाट में श्रद्धालुओं को गंगा में डूबने से बचाने के लिए लगाई गई जेटी बैरिकेडिंग में रविवार को आग लग गई। इससे गंगा स्नान कर रहे श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई। इससे करीब 25 फीट लंबी बैरिकेडिंग जलकर राख हो गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण गंगा में तैरता हुआ दीपक बताया जा रहा है। तीर्थ नगरी ब्रजघाट मिनी हरिद्वार की तर्ज पर विकसित हो रही है। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जबकि पूर्णिमा और अमावस्या के दिन यह संख्या लाखों में हो जाती है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा करीब दो माह पूर्व एक करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से जेटी बैरिकेडिंग लगाई गई थी, लेकिन विभाग द्वारा लगाई गई यह जेटी बैरिकेडिंग श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सभासद विनय कुमार, विनय सागर, लक्ष्मी देवी, अरुण गौड़ आदि ने एडीएम को शिकायती पत्र देकर जेटी बैरिकेडिंग के रख-रखाव और इससे होने वाली समस्याओं से अवगत कराया था।